
Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2023-25 www.dainikvishwapariwar.com रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 11 ● वर्ष : 14 ● रायपुर, शुक्रवार 10 जुलाई 2026 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



चोर धन को नहीं पीटते धनी को पीटते हैं।

Thieves do not hurt wealth, but they hurt the wealthy.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

# भारत को यूरेनियम सप्लाई करेगा ऑस्ट्रेलिया

## परमाणु ऊर्जा और हथियारों के लिए जरूरी, मोदी ऑस्ट्रेलियन पीएम से बोले-हम आपसे सीख रहे

**मेलबर्न।** पीएम मोदी ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर हैं। गुरुवार को उन्होंने ऑस्ट्रेलियन पीएम अल्बनीज के साथ यूरेनियम समेत कई क्षेत्रों में करार किए। मेलबर्न में 30 हजार भारतवंशियों को भी संबोधित किया। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच गुरुवार को यूरेनियम डील पर मुहर लग गई है। मेलबर्न में पीएम मोदी और ऑस्ट्रेलियाई पीएम एंथनी अल्बनीज ने मीटिंग के बाद जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में रक्षा, व्यापार, ऊर्जा, स्पेस और महत्वपूर्ण खनिज समेत कई क्षेत्र में समझौतों की घोषणा की। मोदी ने कहा- भारत और ऑस्ट्रेलिया मिलकर क्रिटिकल मिनरल्स कॉरिडोर भी विकसित करेंगे। कोकोस द्वीप पर स्पेस ट्रैकिंग टर्मिनल बनाया जाएगा, जिससे भारत के गगनयान मिशन को मदद मिलेगी। मोदी ने 16 साल के बच्चों



को सोशल मीडिया बैन करने के मामले में ऑस्ट्रेलिया की तारीफ की। इसके बाद मेलबोर्न में 30 हजार भारतीयों को संबोधित किया।

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच वार्ता के बाद दोनों पीएम मोदी और पीएम अल्बनीज ने संयुक्त बयान जारी किया।

पीएम मोदी ने कहा- दोनों देशों का रिश्ता क्रिकेट जैसा है। हमारी मुलाकातें क्रिकेट की तरह होती हैं। एजेंडे में वनडे जैसा फोकस है, फैसले टी-20 की तरह तेजी से होते हैं और हमारी साझेदारी टेस्ट मैच की तरह लंबी और मजबूत है। पीएम अल्बनीज ने कहा- आज हमने 2015 के भारत-ऑस्ट्रेलिया परमाणु सहयोग समझौते के तहत भारत को यूरेनियम निर्यात की व्यवस्था पर साइन किए हैं। हम दोनों देशों के रिश्तों को और गहरा बनाने के लिए लगातार काम कर रहे हैं।

दोनों देशों ने ऑस्ट्रेलिया-भारत साइबर, क्रिटिकल टेक्नोलॉजी और सप्लाई चेन पार्टनरशिप शुरू करने पर सहमति जताई है। इसके तहत दोनों देश आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्वांटम कंप्यूटिंग, सेमीकंडक्टर, साइबर सिक्योरिटी और डिजिटल रेजिलिएंस जैसे क्षेत्रों में एकसाथ रिसर्च करेंगे।

## 'पीएम मोदी ऑस्ट्रेलिया के सच्चे और मेरे प्रिय मित्र': प्रधानमंत्री अल्बनीज



ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ऑस्ट्रेलिया का सच्चा और अपना प्रिय मित्र बताते हुए कहा कि मेलबर्न में भारतीय नेता की मेजबानी करना उनके लिए सम्मान की बात है। भारतीय समुदाय के लिए आयोजित भव्य कार्यक्रम 'मेलबर्न मीट्स मोदी' में अल्बनीज ने प्रधानमंत्री मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया। मेलबर्न के प्रसिद्ध मार्वल स्टेडियम में गुरुवार को आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भारतीय समुदाय के लोग मौजूद रहे। अल्बनीज ने कहा कि इस स्टेडियम ने वर्षों में कई यादगार कार्यक्रम देखे हैं, लेकिन भारतीय समुदाय का यह आयोजन सबसे खास और महत्वपूर्ण है। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी, मेरे मित्र, शानदार मेलबर्न में आपका स्वागत है। ऑस्ट्रेलिया के सच्चे मित्र और मेरे बेहद प्रिय मित्र के रूप में आपकी मेजबानी करना मेरे लिए सम्मान की बात है।

# सुशासन, विकास व जनकल्याण ही हमारी सरकार की पहचान: मुख्यमंत्री



■ आरंग विधानसभा के विकास को मिली नई गति, 128 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों की सौगात

**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज आरंग विधानसभा क्षेत्र के नगर पंचायत समोदा में आयोजित कार्यक्रम में 128 करोड़ रुपये से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्र के विकास को नई गति देने के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं भी कीं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने ग्राम पंचायत रीवा में लगभग 4 करोड़ रुपये की लागत से स्टॉप डैम निर्माण, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय समोदा में अहाता निर्माण, नगर पंचायत समोदा के पंचायत भवन में प्रथम तल निर्माण तथा ग्राम तुलसी के हाई स्कूल को हायर सेकेंडरी विद्यालय में उन्नयन की घोषणा की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सुशासन, विकास और जनकल्याण ही हमारी सरकार की पहचान है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने पिछले ढाई वर्षों में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के अधिकांश वादों को पूरा किया है। उन्होंने कहा कि 'मोदी की गारंटी, यानी गारंटी पूरा होने की गारंटी' केवल एक नारा नहीं, बल्कि हमारी सरकार की कार्यशैली और जनविश्वास का प्रतीक है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार ने 18 लाख गरीब परिवारों के लिए प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए हैं, जिनमें से 10 लाख से अधिक आवास पूर्ण हो चुके हैं। किसानों से 3,100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदा जा रहा है तथा महतारी वंदन योजना के अंतर्गत अब तक 28 किश्तों में 18 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि महिलाओं के खातों में अंतरित की जा चुकी है।

उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। इसी सोच के साथ बस्तर सहित प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों में सड़क, बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य और अन्य मूलभूत सुविधाओं का तेजी से विस्तार किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही आधारित प्रशासन स्थापित करने के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है। भ्रष्टाचार और अपराध के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई के साथ नागरिक सेवाओं को अधिक सरल और सुलभ बनाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद, बीज एवं कृषि आदानों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। नागरिकों की सुविधा के लिए सेवा सेतु के माध्यम से 520 से अधिक शासकीय सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं तथा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 के जरिए शिकायतों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है।

# पीडब्ल्यूडी समीक्षा की बैठक में उपमुख्यमंत्री अरुण साव सख्त

**रायपुर (विश्व परिवार)।** उप मुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने लोक निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को कार्यप्रणाली में बदलाव लाने और विकास कार्यों को तय समयसीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासकीय स्वीकृति मिलने के बाद सभी औपचारिक प्रक्रियाएं तेजी से पूरी कर निर्माण कार्य समय पर शुरू कराए जाएं।



■ पुराना ढर्रा बदलें, समयसीमा में पूरे हों सभी निर्माण कार्य : साव

बैठक में अरुण साव ने अधिकारियों से कहा कि अनुबंध में निर्धारित माइलस्टोन्स के अनुसार सभी परियोजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और समयसीमा के भीतर कार्य पूर्ण कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विभाग को पुराने ढर्रे पर काम करने की बजाय परिणाम आधारित कार्य संस्कृति अपनानी होगी, ताकि फील्ड पर विकास कार्य और उनके परिणाम स्पष्ट दिखाई दें। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि लोक निर्माण विभाग राज्य का 'ग्रोथ इंजन' है और सड़क, पुल-पुलिया, स्कूल, कॉलेज, ऑडिटोरियम, कार्यालय तथा अन्य अधोसंरचना के निर्माण की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी इसी विभाग पर है। इसलिए सभी परियोजनाओं को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूरा करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास कार्यों में किसी भी स्तर पर अनावश्यक देरी न हो और निर्माण परियोजनाओं की प्रगति की नियमित समीक्षा कर जनता को समय पर बेहतर अधोसंरचना उपलब्ध कराई जाए।

# छत्तीसगढ़ में 2027 से 1 अप्रैल से खुलेंगे स्कूल

■ पहली कक्षा में एडमिशन की उम्र 6 साल होगी

**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत बड़ा फैसला लिया है। अब अगले शैक्षणिक सत्र से राज्य के सभी स्कूलों में कक्षा पहली में प्रवेश के लिए बच्चे की न्यूनतम उम्र 6 साल होगी। स्कूल शिक्षा विभाग ने इस संबंध में सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए हैं।

इसके अलावा 2027 में स्कूल 16 जून के बजाय 1 अप्रैल से खुलेंगे। इसी दौरान प्रवेश प्रक्रिया पूरी की जाएगी और स्टूडेंट्स को पुस्तकें, यूनिफॉर्म और साइकिल दी जाएगी। इसके बाद 1 मई से 15 जून तक गर्मी की छुट्टियां रहेंगी। विभाग का कहना है कि



इस बदलाव से स्टूडेंट्स को पढ़ाई के लिए ज्यादा समय मिलेगा, समय पर सिलेबस पूरा कराया जा सकेगा और बोर्ड परीक्षाओं के परिणामों में भी सुधार आएगा। स्कूल शिक्षा विभाग के जारी आदेश के मुताबिक प्रदेश में अब शैक्षणिक सत्र 1 अप्रैल से 31 मार्च तक रहेगा। यह व्यवस्था सीबीएसई की तर्ज पर लागू की जाएगी। फिलहाल, प्रदेश में स्कूल 16 जून से खुलते हैं। स्कूल खुलने के बाद कई दिनों तक नए छात्रों का प्रवेश, किताबें, स्कूल ड्रेस, साइकिल और दूसरी सरकारी सुविधाएं बांटने का काम चलता रहता है। इसकी वजह से नियमित पढ़ाई देर से शुरू होती है और कई स्कूलों में जुलाई तक पढ़ाई प्रभावित रहती है।

स्कूल शिक्षा विभाग का मानना है कि अब तक सीबीएसई स्कूलों और सीजी बोर्ड स्कूलों के शैक्षणिक कैलेंडर में करीब ढाई महीने का अंतर रहता था। सीबीएसई स्कूल अप्रैल से पढ़ाई शुरू कर देते हैं, जबकि सीजी बोर्ड स्कूल जून के मध्य में खुलते हैं। इस अंतर के कारण प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, बोर्ड परीक्षा की रणनीति और पाठ्यक्रम पूरा करने में भी फर्क दिखाई देता था। अब दोनों व्यवस्थाओं के बीच यह अंतर काफी हद तक समाप्त हो जाएगा।

# शरद पवार के एनडीए में जाने की अटकलें तेज

■ पार्टी ने कहा-विपक्ष को कमजोर करने की साजिश

**मुंबई।** शरद पवार की पार्टी एनसीपी के एनडीए में शामिल होने या कांग्रेस में विलय की अटकलें हैं। हालांकि, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शशिकांत शिंदे ने इन सभी चर्चाओं को अफवाह बताया है। सूत्रों के मुताबिक, शरद की पार्टी के नेता NDA में शामिल के फेवर में नहीं हैं। कुछ नेताओं ने इस पर असहमति जताई है। पोता रोहित पवार इस फैसले के खिलाफ हैं। दरअसल, इन अटकलों को उस समय और बल मिला, जब शरद पवार ने महाराष्ट्र-कर्नाटक सीमा विवाद पर 8 जुलाई को



मुंबई में विधानभवन में मीटिंग हुई थी। इसके बाद पवार ने डिप्टी सीएम शिंदे के कमरे में अपनी पार्टी के विधायकों से मुलाकात की। बुधवार को शरद पवार ने विधानभवन में डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे से मुलाकात की। सूत्रों के मुताबिक, शरद पवार के के मीटिंग में पहुंचने की सूचना मिलते ही शिंदे ने अपनी चल रही बैठक कुछ समय के लिए छोड़कर उनसे मुलाकात की।

# डीआरडीओ ने लंबी दूरी के रॉकेट पिनाका का सफल परीक्षण किया

**नई दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने 8 जुलाई, 2026 को ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज में लंबी दूरी के निर्देशित रॉकेट पिनाका का सफल उड़ान परीक्षण किया। परीक्षण के दौरान रॉकेट ने उपयोगकर्ता द्वारा निर्धारित 60 किलोमीटर की न्यूनतम मारक क्षमता के मानकों को पूरा करते हुए पूर्व निर्धारित लक्ष्य पर सटीक निशाना साधा। परीक्षण के दौरान एलआरजीआर पिनाका ने तय उड़ान पथ का पूरी सटीकता के साथ पालन किया और लक्ष्य को सफलतापूर्वक भेदा। रेंज में तैनात सभी ट्रैकिंग उपकरणों ने पूरी उड़ान के दौरान रॉकेट की सफलतापूर्वक निगरानी की। लंबी



दूरी के निर्देशित पिनाका रॉकेट का डिजाइन और विकास डीआरडीओ के आयुध अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान ने उच्च ऊर्जा सामग्री अनुसंधान प्रयोगशाला के सहयोग से किया है। इसके विकास में रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला और अनुसंधान केंद्र इमारत का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

# भारत-रूस ने आतंकवाद के खिलाफ मजबूत किया मोर्चा

■ नई तकनीक के दुरुपयोग पर भी चिंता जताई

**नई दिल्ली।** भारत-रूस आतंकवाद निरोधक संयुक्त कार्य समूह की 14वीं बैठक आयोजित में सीमा पार आतंकवाद और आतंकियों द्वारा नई तकनीक के दुरुपयोग पर चर्चा हुई। बैठक की सह-अध्यक्षता भारत के विदेश मंत्रालय में सचिव सिबी जॉर्ज और रूस के उप विदेश मंत्री दिमित्री ल्यूबिंस्की ने की। दोनों देशों के संबंधित मंत्रालयों और सुरक्षा एजेंसियों के प्रतिनिधियों ने भी बैठक में हिस्सा लिया। इस बैठक को लेकर भारत के विदेश मंत्रालय (एमईए) ने एक बयान



जारी किया। उनके अनुसार, बैठक में भारत और रूस ने आतंकवाद के सभी स्वरूपों और अभिव्यक्तियों, विशेष रूप से सीमा पार आतंकवाद की कड़ी निंदा की। दोनों देशों ने 22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले और 10 नवंबर 2025 को नई दिल्ली के लाल किले के निकट हुए आतंकी हमले की भी कड़े शब्दों में निंदा की।

# ममता बनर्जी को लगा फिर तगड़ा झटका

■ सुखेंदु समेत 3 पूर्व टीएमसी सांसद भाजपा में शामिल

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की राजनीति में तृणमूल कांग्रेस को बड़ा राजनीतिक झटका लगा है। पार्टी के तीन पूर्व वरिष्ठ नेताओं और पूर्व राज्यसभा सांसदों—सुखेंदु शेखर राय, सुष्मिता देव और प्रकाश चिक बड़ाइक—ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली है। इस घटनाक्रम को आगामी राजनीतिक समीकरणों के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है। बीजेपी के वरिष्ठ नेता शमिक भट्टाचार्य ने आधिकारिक रूप से घोषणा करते हुए बताया कि सुखेंदु शेखर राय, सुष्मिता देव और



प्रकाश चिक बड़ाइक ने शुक्रवार को भाजपा की सदस्यता ले ली। उन्होंने कहा कि तीनों नेताओं ने पार्टी में शामिल होने से पहले राज्यसभा की सदस्यता से अपना इस्तीफा भी सौंप दिया था। इन तीनों नेताओं का भाजपा में शामिल होना तृणमूल कांग्रेस के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है। सुखेंदु शेखर राय लंबे समय तक ममता बनर्जी के करीबी नेताओं में गिने जाते रहे हैं, जबकि सुष्मिता देव भी पार्टी का प्रमुख चेहरा रही हैं।

# 16 दिन बाद खत्म हुआ विद्युत संविदा कर्मचारियों का आंदोलन, रमन सिंह ने दिया आश्वासन

**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ विद्युत संविदा कर्मचारी संघ का पिछले 16 दिनों से जारी अनिश्चितकालीन आंदोलन मंगलवार को समाप्त हो गया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और पावर कंपनी के उच्च प्रबंधन के साथ हुई सौहार्दपूर्ण चर्चा तथा कर्मचारियों की मांगों पर सकारात्मक आश्वासन मिलने के बाद संघ ने आंदोलन वापस लेने का निर्णय लिया। इसके साथ ही संघ ने सभी संविदा कर्मचारियों से बुधवार से अपने-अपने कार्यस्थलों पर पूर्ववत ड्यूटी जॉइन करने की अपील की है।आंदोलन समाप्त करने से पहले संघ के प्रतिनिधिमंडल ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मुलाकात कर अपनी एक सूत्रीय मांग नियमितीकरण एवं समायोजन को लेकर विस्तार से चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश



अध्यक्ष हरी चरण साहू, प्रदेश महामंत्री कमलेश भारद्वाज, संयुक्त महामंत्री योगेश साहू, पूर्व महामंत्री उमेश पटेल, प्रदीप राठौर, बाल कृष्ण, अमित साहू, विजय साहू और योगेश चौहान शामिल रहे। संघ के प्रतिनिधियों ने संविदा कर्मचारियों की समस्याओं और वर्षों से लंबित मांगों से विधानसभा अध्यक्ष को अवगत कराया। बैठक के दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और आश्वस्त किया कि संविदा कर्मचारियों की जायज मांगों पर शासन और पावर कंपनी प्रबंधन स्तर पर प्राथमिकता के आधार पर विचार किया जाएगा। उन्होंने दूरभाष पर ऊर्जा विभाग के प्रमुख सचिव से चर्चा कर संविदा कर्मचारियों की मांगों की समीक्षा करने और जल्द समाधान का प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए।

संघ ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष की सकारात्मक पहल और सरकार की ओर से मिले आश्वासन के बाद प्रदेशहित तथा आम उपभोक्ताओं को हो रही असुविधा को देखते हुए आंदोलन तत्काल प्रभाव से समाप्त करने का निर्णय लिया गया है।

# महादेव ऐप: सीबीआई ने दाखिल किए छह आरोप पत्र, मुख्य सरगना नामजद

**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े अवैध सट्टेबाजी नेटवर्क के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने बहुचर्चित महादेव ऐप भ्रष्टाचार और सट्टेबाजी मामले में छह नए आरोप पत्र (चार्जशीट) दाखिल किए हैं। जांच एजेंसी ने इस मामले में छह मुख्य आरोपियों— असीम दास, रोहित गुलाटी, विकास छापरिया, अनिल धम्मानी, विशाल आहूजा और धीरज अहूजा को नामजद किया है। इन सभी पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के साथ-साथ भारतीय दंड संहिता (IPC) के तहत धोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक साजिश रचने की गंभीर धाराओं के तहत मामले दर्ज किए गए हैं।

इन प्राथमिक आरोपों के साथ ही, जांचकर्ताओं ने इस घोटाले के मुख्य सरगनाओं-सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल-के खिलाफ




अतिरिक्त सबूत भी अदालत के समक्ष पेश किए हैं, जिन्हें पहले ही आरोपित किया जा चुका है।

इस जांच के एक अन्य समानांतर हिस्से में, केंद्रीय एजेंसी ने 66 व्यक्तियों के खिलाफ पांच और आरोप पत्र दाखिल किए हैं। इस बड़ी कानूनी कार्रवाई में चंद्राकर और उप्पल के अलावा 'सट्टेबाजी सिंडिकेट पैनल' के कई प्रमुख सदस्य शामिल हैं, जिन्होंने अपराध की काली कमाई (प्रोसीड्स ऑफ क्राइम) को ठिकाने लगाने और धन शोधन (मनी लॉन्ड्रिंग) करने में मुख्य भूमिका निभाई थी।

# मोदी सरकार की नई शिक्षा नीति देश के बच्चों को नई राह दिखाएगी: बृजमोहन अग्रवाल

■ दिल्ली में 18वीं नेशनल एजुकेशन लीडरशिप एंड स्किल डेवलपमेंट समिट 2026 में रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने शिक्षा जगत में सक्रिय संस्थाओं और हस्तियों को सम्मानित किया

**नई दिल्ली।** रायपुर के सांसद और छत्तीसगढ़ भाजपा के वरिष्ठ नेता बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि मोदी सरकार की नई शिक्षा नीति नए तरीके से देश के नव निहालों को नवनिर्माण की नित नई राह दिखाएगी। बृजमोहन अग्रवाल बृहस्पतिवार को देश के जाने-माने वाणिज्यिक संगठन एसोचेम द्वारा विकसित भारत शिक्षा अभियान पर राजधानी दिल्ली के ली मेरिडियन होटल में आयोजित 18 वीं नेशनल एजुकेशन



लीडरशिप एंड स्किल डेवलपमेंट समिट 2026 में शिक्षा जगत में सक्रिय संस्थाओं और हस्तियों को सम्मानित करने के बाद समारोह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने आगे कहा कि मोदी सरकार की राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) ने रट्टा मारने की पुरानी प्रणाली को जड़ से खत्म किया है। अब भारतीय शिक्षा प्रणाली का ध्यान इंडस्ट्री की जरूरतों के मुताबिक युवाओं के अपस्किलिंग, स्टार्टअप इनोवेशन को बढ़ावा देने पर है। विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक, 2025 भारत को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर एक नयी पहचान देने का काम करेगा। समारोह के विशिष्ट अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि विकसित भारत की थीम पर हमको 140 करोड़ लोगों के सर्वांगीण विकास के लिए देश के सुदुर क्षेत्रों पर ज्यादा से ज्यादा ध्यान देते हुए शिक्षा के स्तर को और ऊंचाई पर ले जाने का प्रयास भी करना होगा तभी सभी लोगों को शिक्षित करते हुए हमारा देश उचित ढंग से और विकसित हो पाएगा।

दैनिक
# विश्व परिवार

रायपुर संभाग

रायपुर, शुक्रवार 10 जुलाई 2026

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com



## शासकीय उचित मूल्य दुकान आबंटन हेतु जारी

**मैनपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के कंडिका 08 (ख) के प्रावधान अनुसार उचित मूल्य दुकान के संचालन हेतु अनुविभाग मैनपुर के ग्राम पंचायत डूमाघाट के आश्रित ग्राम काण्डसर एवं ग्राम पंचायत धनोरा के आश्रित ग्राम पीपलखुटा में सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत शासकीय उचित मूल्य की दुकान का आबंटन किया जाना है।अतः उक्त ग्राम पंचायतों के आश्रित ग्रामों में नवीन दुकान के संचालन हेतु महिला स्व. सहायता समूह, ग्राम पंचायत, वन सेवा सहकारी समिति एवं उपभोक्ता भण्डार से निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। आवेदन करने की इच्छुक संस्था निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र प्रेस विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक के 15 दिवस के भीतर कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मैनपुर में प्रस्तुत करें। समयावधि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में पूर्ण रूप से भरा होना चाहिए एवं आवेदन पत्र में उल्लेखित समस्त दस्तावेजों की सत्य प्रतिलिपि आवेदन पत्र के साथ संलग्न होना चाहिए। आवेदन पत्र का निर्धारित प्रारूप, नियम एवं शर्तें कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मैनुपर से कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर प्राप्त किया जा सकता है।

## पीपला फाउंडेशन ने पीपला चौंक में लगाया पीपल के पौधे

**आरंग।** गुरुवार को सामाजिक संगठन पीपला वेलफेयर फाउंडेशन महासमुन्द मार्ग से आरंग (प्रवेश द्वार) पीपला चौंक में पीपल पौधे लगाकर हरियाली का संदेश दिया।फाऊंडेशन के सदस्यों ने पौधरोपण के पूर्व पीपल की पूजा आरती की, तत्पश्चात श्रीफल तोड़कर पौधे रोपित किए और उसमें सुरक्षा जाली लगाकर पौधे को सुरक्षित किया। दरअसल फाउंडेशन के कर्मठ सदस्य व समाजसेवी महेन्द्र कुमार पटेल का जन्मदिन की स्मृति में इस स्थान पर विगत चार वर्षों से पीपल पौधे रोपित करते हैं।अब यहां पांच पीपल के पौधे बड़े होकर लोगो को छांव और चौबीसों घंटे आक्सीजन देने लगे हैं।वहीं फाउंडेशन के सदस्यों का कहना है आरंग के चारों दिशाओं के प्रवेशद्वार में यह संस्था पीपल लगा चुके हैं। जिससे कि कोई भी व्यक्ति आरंग प्रवेश करने से पूर्व सकारात्मक ऊर्जा के साथ नगर में प्रवेश कर सके। ज्ञात हो कि यह संस्था नगर को आक्सीजोन बनाने की दिशा में विगत छः वर्षों से निरंतर प्रयास कर रहे हैं। साथ ही बरसात लगते ही जगह जगह पौधरोपण कर लोगों को भी पौधे लगाने प्रेरित और आग्रह करते हैं। पौधरोपण में फाऊंडेशन के अध्यक्ष दूजेराम धीवर, संयोजक महेन्द्र कुमार पटेल, कोषाध्यक्ष कोमल लाखोटी ,सचिव अभिमन्यु साहू,सह सचिव संजय मेश्राम, सक्रिय सदस्य रमेश देवांगन, भागवत जलक्षत्री, दुर्गेश निर्मलकर , प्रतीक टोंड्रे प्रमुख रूप से भाग लिया।



---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./33026/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 09-07-2026

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 33026**
**वार्ड का नाम- 52 - डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR651J00460** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **KAVITA SUNDRANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **HARISH SUNDRANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **AARDHANA REALTY AND REAL PROPERTIES PVT LTD DIRECTOR JAIRAJ BURAD** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAMESH JAIN** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री मोनेश्वर शर्मा**
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-(10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./33022/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 09-07-2026

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 33022**
**वार्ड का नाम- 52 - डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR446N0475Q** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **1. VICKY CHEEJWANI , 2. RAI MADHWANI , 3. MUKESH KUMAR DEWANGAN , 4. RAHUL CHABARIYA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **CHANDRAKUMAR CHEEJWANI , SUDAMA , SANT KUMAR DEWANGAN , ARJUN DAS** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **RAVI MADHWANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SUDAMA MADHWANI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री मोनेश्वर शर्मा**
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-(10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./33021/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 09-07-2026

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 33021**
**वार्ड का नाम- 52 - डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR446N0475P** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **1. VICKY CHEEJWANI , 2. RAI MADHWANI , 3. MUKESH KUMAR DEWANGAN , 4. RAHUL CHABARIYA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **CHANDRAKUMAR CHEEJWANI , SUDAMA , SANT KUMAR DEWANGAN , ARJUN DAS** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **MUKESH KUMAR DEWANGAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SANT KUMAR DEWANGAN** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत बंटवारानामा** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री मोनेश्वर शर्मा**
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-(10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./32533/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 09-07-2026

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 32533**
**वार्ड का नाम- 56 - ले. अरविंद दीक्षित वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 56 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR446A00114** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **PRAKASH DEWANGAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LT. DASHRATH LAL DEWANGAN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **ADITYA DEWANGAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SW. PRAKASH DEWANGAN** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री मोनेश्वर शर्मा**
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-(10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./33023/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 09-07-2026

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 33023**
**वार्ड का नाम- 52 - डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR446N0475R** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **1. VICKYCHEEJWANI , 2. RAI MADHWANI , 3. MUKESH KUMAR DEWANGAN , 4. RAHUL CHABARIYA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **CHANDRAKUMAR CHEEJWANI , SUDAMA , SANT KUMAR DEWANGAN , ARJUN DAS** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **RAHUL CHABARIYA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **ARJUN DAS CHABARIYA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत बंटवारानामा** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री मोनेश्वर शर्मा**
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-(10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./33024/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 09-07-2026

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 33024**
**वार्ड का नाम- 52 - डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR651J0460A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **KAVITA SUNDRANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **HARISH SUNDRANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **RAMPRASAD PATLE** पिता/पति, श्री/श्रीमती **DHONDUJI PATLE** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री मोनेश्वर शर्मा**
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-(10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./32984/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 09-07-2026

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 32984**
**वार्ड का नाम- 54 - कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 54 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR652N01167** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **YOGENDRA DHIVAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KANHAIYA DHIVAR** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SUMITRA BEPARI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **GAURANG BEPARI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री मोनेश्वर शर्मा**
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-(10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
**मोहबा बाजार, रायपुर**
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /33074/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2026
रायपुर, दिनांक 09-07-2026

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 33074**
**वार्ड का नाम- 69 - माधव राव सप्रे वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 69 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR568A00202** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **PRABODH KUMAR BAHIRAT** पिता/पति, श्री/श्रीमती **ANANTRAO** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SMT GUNJA NIRMALKAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SHREE JITESH NIRMALKAR** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती राजेश्वरी पटेल**
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-(8)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
**शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर**
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./33038/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2026
रायपुर, दिनांक 09-07-2026

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 33038**
**वार्ड का नाम-12- कालीमाता वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- 12 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR229J00238** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SMT. ANJANA PRADHAN** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O SUKHDEV PRADHAN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **ANUP YADAV** पिता/पति श्री/श्रीमती **S/O KISHANLAL YADAV** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **मलमा विक्रय इकरारनामा के माध्यम से शपथ पत्र** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती प्रीति सिंह**
(जोन कमिश्नर)
जोन क्र.- (3)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
**शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर**
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./33042/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2026
रायपुर, दिनांक 09-07-2026

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 33042**
**वार्ड का नाम-47- मदर टेरेसा वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- 47 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR443E00038** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **GOVT NAZUL LAND JASWINDER SINGH HORA** पिता/पति श्री/श्रीमती **S/O LT. SUMER SINGH** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. GAGAN DEEP SINGH 2. RAVINDER SINGH** पिता/पति श्री/श्रीमती **S/O JASVINDER SINGH** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत दानपत्र** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती प्रीति सिंह**
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं.- (3)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
**मोहबा बाजार, रायपुर**
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /32454/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2026
रायपुर, दिनांक 04-07-2026

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 32454**
**वार्ड का नाम- 20 - रामकृष्ण परमहंस वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 20 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR802D01914** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SHAYAM CHAKRADHARI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SUKLAL CHAKRADHARI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **NITU PUROHIT** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAJNARAYAN PUROHIT** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/.../ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती राजेश्वरी पटेल**
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-(8)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-7)**
**मंगलम काम्प्लेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर**
E-mail ID - rmczone7@gmail.com

पत्र क्र./33132/ न.पा.नि./जोन क्र.-7/2026
रायपुर, दिनांक 09-07-2026

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 33132**
**वार्ड का नाम-38 -स्वामी आत्मानंद वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 38 स्थित/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR715B00462** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **JETHANAND AND SONS , KAMLESH LAKHWANI S/O LATE. MOHAN DAS LAKHWANI, RUHUKA LAKHWANI W/O KAMLESH LAKHWANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती .... के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **JETHANAND AND SONS HUF KARTA VIVEK KUMAR PRADHANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती .... ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत हक त्याग विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**डॉ. तृप्ति पाणिग्रही**
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-7
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-7)**
**मंगलम काम्प्लेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर**
E-mail ID - rmczone7@gmail.com

पत्र क्र./33106/ न.पा.नि./जोन क्र.-7/2026
रायपुर, दिनांक 09-07-2026

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 33106**
**वार्ड का नाम-23 - शहीद मनमोहन सिंह बख्शी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 23 स्थित/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR812F0621A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SANJAY KUMAR AGRAWAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MAHADEV PRASAD AGRAWAL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **RRJ SPACES PRIVATE LIMITED DIRECTOR- ROSHAN JAIN** पिता/पति, श्री/श्रीमती .... ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**डॉ. तृप्ति पाणिग्रही**
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-7
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
**संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर**
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./33061/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2026
रायपुर, दिनांक 09-07-2026

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 33061**
**वार्ड का नाम- 4 - यतीयतन लाल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 4 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR104J0266A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **VIJAY MAVJI PATEL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MAVJI BHAI PATEL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **PRAMILA DEVI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **W/O HEMANT KUMAR MAHTO** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री अंशुल शर्मा**
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (1)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
**शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर**
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./33129/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2026
रायपुर दिनांक : 09-07-2026

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 33129**
**वार्ड का नाम-14- रमण मंदिर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 14 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी- आई.डी.- **RPR220A00181** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **MURLIDHAR KUKREJA, NANAK RAM KUKREJA , SHANKAR LAL KUKREJA, RAJ KUMAR KUKREJA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LT. KISHAN CHAND KUKREJA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. श्री विशाल खंडेलवाल पिता - ओमप्रकाश खंडेलवाल 2. श्रीमती जूही खंडेलवाल पति- श्री विशाल खंडेलवाल** पिता/पति, श्री/श्रीमती .... ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री संतोष पाण्डेय**
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (2)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
**शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर**
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./33123/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2026
रायपुर दिनांक : 09-07-2026

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 33123**
**वार्ड का नाम- 27- इंदिर गांधी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 27 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी- आई.डी.-**RPR220I00160** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **TARACHAND SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती .... के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्रीमती शशी साहू** पिता/पति, श्री/श्रीमती **स्व. ताराचंद साहू** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, सहमति पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, बैनामा** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री संतोष पाण्डेय**
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (2)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
**शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर**
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./33119/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2026
रायपुर दिनांक : 09-07-2026

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 33119**
**वार्ड का नाम- 27- इंदिर गांधी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 27 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी- आई.डी.-**RPR737D00477** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **TARACHAND** पिता/पति, श्री/श्रीमती .... के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्रीमती शशी साहू** पिता/पति, श्री/श्रीमती **स्व. ताराचंद साहू** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, सहमति पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, बैनामा** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री संतोष पाण्डेय**
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (2)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
**मोहबा बाजार, रायपुर**
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /32968/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2026
रायपुर, दिनांक 08-07-2026

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 32968**
**वार्ड का नाम- 70 - संत रविदास वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 70 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR568H0347B** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **NIRMALA VERMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KRIPA RAM VERMA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्री उमेश कुमार इंद्रमनी शुक्ला** पिता/पति, श्री/श्रीमती **श्री श्री इंद्रमनी शुक्ला** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती राजेश्वरी पटेल**
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-(8)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
**मोहबा बाजार, रायपुर**
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /32969/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2026
रायपुर, दिनांक 08-07-2026

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 32969**
**वार्ड का नाम- 70 - संत रविदास वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 70 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR870J00235** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SACHIN KUMAR SONI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **PRABHU NARAYAN SONI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्रीमती प्रियंका कुमारी** पिता/पति, श्री/श्रीमती **श्री भावेश कुमार** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती राजेश्वरी पटेल**
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-(8)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
**मोहबा बाजार, रायपुर**
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /33007/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2026
रायपुर, दिनांक 08-07-2026

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 33007**
**वार्ड का नाम- 70 - संत रविदास वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 70 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR870G00143** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **JAGDISH KUMAR SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती .... के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **BISANTIN SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **JAGDISH SAHU** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, सहमति पत्र, सभी का आधार कार्ड, पार्षद का पंचनामा** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती राजेश्वरी पटेल**
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-(8)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

---

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर**
email Id- eocghbzone1@gmail.com

### आम-सूचना

निर्मित छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कालोनी वीर सावरकर नगर हीरापुर रायपुर में **MIG** योजना में से भवन/भूखण्ड क्र. **MIG -1183, श्रीमति अल्का ओझा पति श्री मनोज ओझा** को स्ववित्तीय/भाड़ाक्रय/एकमुश्त/ऑफर आधार पर आबंटित / नामांतरित किया गया है। उनके द्वारा **दिनांक** 24/03/2017 को लीजडीड/सेलडीड/विक्रय विलेख पंजीकृत करा लिया गया है। मूल आबंटी द्वारा उक्त भवन **श्रीमति रमनजीत कौर पति श्री चनप्रीत सिंग** के पक्ष में **दिनांक** 08/07/2025 को विक्रय कर दिया।

तद्उपरांत क्रेता द्वारा उक्त भवन / भूखण्ड अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति, सहमति पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन /भूखण्ड **क्रेता श्रीमति रमनजीत कौर पति श्री चनप्रीत सिंग** के नाम पर नामांतरण किया जाना है।

अत: किसी भी व्यक्ति शासकीय/अर्द्धशासकीय/वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर स्वत: उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जावेंगी, एवं भवन का नामांतरण आदेश जारी कर दिया जावेगा।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01**
**कबीर नगर, रायपुर**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
**प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर**
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./32715/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2026
रायपुर, दिनांक 09-07-2026

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 32715**
**वार्ड का नाम-57-भगवती चरण शुक्ला वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 57 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR448C00004** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **PARTH SARTHI** पिता/पति, श्री/श्रीमती ... के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **ए. नागेश्वर राव, शशिकला नायडू, दोनों पिता ए. पार्थसारथी नायडू, व अद्‌ढालू सुनील नायडू, अद्‌ढालू संजय नायडू दोनों पिता ए. सूर्यकांत नायडू** पिता/पति, श्री/श्रीमती **N/A** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **आवेदन पत्र, शपथ पत्र, नजूल आदेश, मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, संपत्तिकर रसीद व अन्या दस्तावेज** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-4
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
**प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर**
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./32920/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2026
रायपुर, दिनांक 09-07-2026

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 32920**
**वार्ड का नाम-57-भगवती चरण शुक्ला वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 57 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR447D00269** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **RAJU VASWANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **DEDUMAL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **शंकर पंजवानी** पिता/पति, श्री/श्रीमती **रमेश पंजवानी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-4
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

# फिल्टर प्लांट से एक सप्ताह से एस ई सी एल कॉलोनी में बिना फिल्टर के पानी की आपूर्ति

### शिकायत करते-करते थक गए रहवासी, सुनवाई नहीं; मौसमी बीमारियों का बढ़ा खतरा

### नगर पंचायत परिसर के सबमर्सिबल पंप में बच्चों ने डाला ईंट पत्थर पानी आपूर्ति ठाकुर

### सुधार कार्य में लगे नगर पंचायत के कर्मचारी

**गोपाल सिंह विद्रोही**





**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )** एस ई सी एल बिश्रामपुर कॉलोनी में पिछले लगभग एक सप्ताह से बिना फिल्टर किए मटमैले एवं दूषित पानी की आपूर्ति होने से कॉलोनीवासी गंभीर परेशानी का सामना कर रहे हैं। बरसात के मौसम में गंदे पानी की लगातार आपूर्ति ने लोगों में जलजनित एवं मौसमी बीमारियों का भय बढ़ा दिया है।

कालोनी वासियों का कहना है कि नलों से आने वाला पानी इतना गंदा है कि उसका उपयोग पीने की बात तो दूर, हाथ-मुंह धोने, स्नान करने और अन्य घरेलू कार्यों के लिए भी मुश्किल हो गया है। लोगों का कहना है कि इस पानी के उपयोग से सर्दी-खांसी, डायरिया, उल्टी-दस्त, टाइफाइड तथा अन्य संक्रामक बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ रहा है। छोटे बच्चों, बुजुर्गों और गंभीर रोगियों के लिए यह स्थिति विशेष रूप से चिंताजनक बनी हुई है।

कॉलोनीवासियों का आरोप है कि उन्होंने फिल्टर प्लांट और संबंधित अधिकारियों के पास कई बार शिकायत दर्ज कराई, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला। शिकायत करते-करते लोग परेशान हो चुके हैं, फिर भी समस्या के समाधान की दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। परिणामस्वरूप गंदे पानी की आपूर्ति लगातार जारी है और लोगों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि फिल्ट्रेशन व्यवस्था समय पर संचालित की जाती और जल टंकियों एवं पाइपलाइन की नियमित सफाई होती, तो ऐसी स्थिति उत्पन्न नहीं होती। उनका आरोप है कि संबंधित विभाग की उदासीनता का खामियाजा आम नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है।

कालोनी वासियों ने एस ई सी एल टी ए प्रबंधन से मांग की है कि जलापूर्ति व्यवस्था की तत्काल जांच कर फिल्ट्रेशन प्रणाली को सुचारु किया जाए, जल टंकियों एवं पाइपलाइन की सफाई कराई जाए तथा पानी की गुणवत्ता की नियमित जांच सुनिश्चित की जाए, ताकि कॉलोनीवासियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो सके। ज्ञात हो कि पिछले लगभग 2 वर्षों से कॉलोनी में टंकियां की सफाई विभाग द्वारा नहीं कराई गई है। कॉलोनीवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो वे जनस्वास्थ्य के हित में उच्च अधिकारियों एवं जिला प्रशासन के समक्ष सामूहिक शिकायत दर्ज कर आगे की कार्रवाई के लिए बाध्य होंगे।

**नगर पंचायत परिसर स्थित सबमर्सिबल पंप में बच्चों ने डाला ईंट पत्थर सुधार कार्य में लगे कर्मचारी-** उधर नगर पंचायत परिसर स्थित शासकीय प्राथमिक शाला के परिसर में लगे सबमर्सिबल पंप से पुलिस लाइन में जल आपूर्ति जो होता था वह भी कुछ दिन से बंद है। प्राथमिक शाला के शरारती बच्चों ने सबमर्सिबल पंप के पाइप में ईंट पत्थर डालकर भर दिया जिससे पुलिस लाइन यादव लाइन में जल आपूर्ति बंद हो गया वार्ड वासियों की शिकायत पर नगर पंचायत के स्वच्छता निरीक्षक अरविंद यादव एवं उनके सहायक आकाश लगे हुए है परंतु बच्चों ने इतनी ईंट पत्थर डाल दिया है कि जिससे समर्सिबल पंप को बाहर निकलना कर्मचारियों के लिए मुश्किल हो रहा है यही नहीं चोपड़ा कॉलोनी के स्कूल क्वार्टर के पीछे एक महिला द्वारा जल आपूर्ति की पाइप बार-बार तोड़ दिया जाने से जल की ऊपरी हिस्सा में जल आपूर्ति नहीं हो पा रहा है तो वही चोपड़ा कॉलोनी के अंतिम कॉलोनी में कुछ लोगों ने जल आपूर्ति का वाल अपने हिसाब से बंद करना और खुलने से अन्य घरों में जल की आपूर्ति नहीं हो पा रही इस तरह शुद्ध पेय जल के लिए समस्या बढ़ गई है।

# बूंदाबांदी बारिश के बीच 396 ग्रामीणों का हुआ नि :शुल्क उपचार, 150 मच्छरदानियां व 101 अंगवस्त्र वितरित





**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**-श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा मकरी कुटिया, गढ़वा (झारखंड) के तत्वावधान में तथा स्वास्थ्य एवं आयुष विभाग के सहयोग से दूरस्थ एवं सुविधाविहीन क्षेत्र ग्राम पंचायत कोल्हुआ, जिला सूरजपुर (छत्तीसगढ़) में एक दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। लगातार बूंदाबांदी बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने शिविर में पहुँचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्राप्त किया। विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने कुल 396 मरीजों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया। इनमें एलोपैथिक चिकित्सा से 200, होम्योपैथिक चिकित्सा से 127 तथा आयुर्वेदिक चिकित्सा से 69 मरीज लाभान्वित हुए। सभी मरीजों को आवश्यक परामर्श एवं नि:शुल्क दवाइयाँ भी उपलब्ध कराई गईं।

सेवा कार्य के अंतर्गत मलेरिया से बचाव हेतु 150 मच्छरदानियों का वितरण किया गया। साथ ही बच्चों एवं बच्चियों को 101 अंगवस्त्र प्रदान किए गए। इस शिविर का लाभ आसपास के अनेक ग्रामों के ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक प्राप्त किया।

यह सेवा अभियान परम पूज्य अघोरेश्वर महाप्रभु अवधूत भगवान राम जी एवं पूज्य बाबा गुरुपद संभव राम जी की कृपा एवं गुरु प्रेरणा से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

**उपस्थित चिकित्सकगण-** डॉ. आशीष शर्मा, डॉ. सुरेश मिश्रा, डॉ. अमन भगत, डॉ. उपेंद्र सिंह, डॉ. प्रभात रंजन उपाध्याय, डॉ. विकास दुबे, डॉ. चंद्रकला मिंज एवं समस्त स्वास्थ्य एवं आयुष विभाग की टीम।

**विशिष्ट सहभागिता-** श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा अंबिकापुर से सर्वश्री समर विजय प्रताप सिंह तोमर, प्रमोद श्रीवास्तव एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा केतार से डॉ. बी. एन. पांडेय जी ने सहभागिता निभाई।

मां गढ़वतिया देवी धाम, महुली के सेवकों में सर्वश्री तुलसी जायसवाल, बृजेश देवांगन, शिशुपाल जायसवाल, रामलाल पंडों, बसंतलाल साहू, शिवकुमार जायसवाल, सियाराम साहू, अमरजीत सिंह, रंजीत सिंह एवं बेहर देवांगन जी ने सेवा कार्य में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। इस आयोजन में श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा मकरी कुटिया आश्रम, गढ़वा (झारखंड) की ओर से सर्वश्री बिहारीराम बाबा, पूनमचंद गोयल, दिनालाल सिन्हा, जशवंत गुप्ता, साधु, अनुपलाल यादव, मुकेश गुप्ता, कृष्णा गुप्ता, विकास गुप्ता, रमेश यादव, मनोज पासवान एवं अभय यादव जी का विशेष योगदान रहा।

# SBI फंड्स मैनेजमेंट का इनिशियल पब्लिक ऑफर मंगलवार, 14 जुलाई 2026 से खुलेगा; प्रति शेयर प्राइस बैंड 545 से 574 रुपए तय

**मुंबई:** SBI फंड्स मैनेजमेंट लिमिटेड ने अपने पहले इनिशियल पब्लिक ऑफर (IPO) के लिए प्रति शेयर 545 रुपए से 574 रुपए का प्राइस बैंड तय किया है। इसके एक शेयर की फेस वैल्यू 1 रुपए है। कंपनी का यह आईपीओ (IPO या ऑफर) आम निवेशकों के सब्सक्रिप्शन के लिए मंगलवार, 14 जुलाई 2026 को खुलेगा और गुरुवार, 16 जुलाई 2026 को बंद होगा। निवेशक कम से कम 26 शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं। इसके बाद 26 के मल्टीपल्स में ही बोली लगाना होगा। यह IPO पूरी तरह से ऑफर-फॉर-सेल (OFS) है। इसके तहत 1 रुपए की फेस वैल्यू वाले 20,37,09,239 इक्विटी शेयर बेचे जाएंगे। एंकर इन्वेस्टर्स के लिए बोली लगाने की शुरुआत और समाप्ति सोमवार, 13 जुलाई 2026 को होगी। साल 1992 में शुरू हुई यह कंपनी देश की सबसे बड़ी एसेट मैनेजमेंट कंपनी (AMC) यानी म्यूचुअल फंड कंपनी है। मार्च तिमाही के औसत म्यूचुअल फंड एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (QAAUM) के मामले में यह नंबर वन पर है। 31 मार्च 2026 तक कंपनी का QAAUM 12,509.98 बिलियन रुपए था और म्यूचुअल फंड मार्केट में इसकी हिस्सेदारी 15.3% थी। मार्च 2021 से कंपनी लगातार इस नंबर वन पोजीशन पर बनी हुई है। अगर इसके पोर्टफोलियो मैनेजमेंट सर्विसेज (PMS) और दूसरी सलाहकारी सेवाओं को भी जोड़ लें, तो 31 मार्च 2026 तक इसका कुल QAAUM 29,461.05 बिलियन रुपए था। यह भारत की सबसे पुरानी AMC है, जो SBI म्यूचुअल फंड के लिए इन्वेस्टमेंट मैनेजर के तौर पर काम करती है।

# चॉइस इंटरनेशनल और एनएच इन्वेस्टमेंट एंड सिक्योरिटीज के बीच रणनीतिक साझेदारी

### चॉइस इक्विटी ब्रोकिंग में 900 करोड़ रुपये का निवेश

**रायपुर।** भारत के प्रमुख डायवर्सिफाइड वित्तीय सेवा समूहों में से एक चॉइस इंटरनेशनल लिमिटेड ने दक्षिण कोरिया के अग्रणी वित्तीय संस्थानों में से एक एनएच फाइनेंशियल ग्रुप की सब्सिडियरी एनएच इन्वेस्टमेंट एंड सिक्योरिटीज कंपनी लिमिटेड के साथ रणनीतिक गठजोड़ की आज घोषणा की। इसके तहत चॉइस की ब्रोकिंग एवं वेल्थ मैनेजमेंट इकाई चॉइस इक्विटी ब्रोकिंग प्राइवेट लिमिटेड में 900 करोड़ रुपये का रणनीतिक निवेश किया गया। यह रणनीतिक निवेश चॉइस की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। साथ ही, यह इस बात का भी प्रमाण है कि दक्षिण कोरिया के अग्रणी वित्तीय संस्थानों में शामिल एनएच इन्वेस्टमेंट एंड सिक्योरिटीज को भारत में अगली पीढ़ी का वित्तीय सेवा मंच तैयार करने की चॉइस की सोच एवं दीर्घकालिक रणनीति पर पूरा भरोसा है।

भारत का पूंजी बाजार इस समय अभूतपूर्व वृद्धि के दौर से गुजर रहा है। खुदरा निवेशकों की बढ़ती भागीदारी, निवेशकों में बढ़ती जागरूकता तथा डिजिटल तकनीक को तेजी से अपनाए जाने से इस वृद्धि को बल मिला है। ऐसे माहौल में चॉइस को ब्रोकिंग, वेल्थ मैनेजमेंट, निवेश वितरण तथा पूंजीबाजार से जुड़े अपने कारोबार के विस्तार के साथ-साथ ग्राहकों के साथ अपने संबंधों को और मजबूत करने के पर्याप्त अवसर दिखाई दे रहे हैं। इस गठजोड़ के तहत एनएच आईएस कंपल्सरिली कन्वर्टिबल प्रेफरेंस शेयर्स के माध्यम से चॉइस इक्विटी ब्रोकिंग प्राइवेट लिमिटेड में 900 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। इस पूंजी का इस्तेमाल ग्रोथ कैपिटल के रूप में किया जाएगा, जिससे कंपनी अपने ओवर ऑल बिजनेस का विस्तार करेगी। इसमें एमटीएफ बुक का विस्तार, टेक्नोलॉजी में रणनीतिक निवेश, नए ग्राहकों को जोडना, प्रतिभा का विकास, नए उत्पादों का विकास तथा कारोबार की विस्तार क्षमता को मजबूत करना शामिल है। यह साझेदारी केवल पूंजी निवेश तक सीमित नहीं है, बल्कि रणनीतिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# आधार हाउसिंग फाइनेंस पीएमएवाई के तहत छत्तीसगढ में किफायती आवास को देगा बढ़ावा

**भिलाई:** आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के तहत भिलाई में किफायती आवास तक लोगों की पहुंच आसान बनाने की दिशा में लगातार काम कर रही है। इसी क्रम में कंपनी 10 और 11 जुलाई को पीएमएवाई स्पॉट सैंक्शन कैंप आयोजित करेगी। इन कैंपों में पात्र ग्राहकों को पीएमएवाई की पात्रता, ब्याज सब्सिडी और होम लोन प्रक्रिया से जुड़ी पूरी जानकारी और सहायता एक ही स्थान पर मिलेगी। इससे भिलाई, रायपुर, बिलासपुर, अंबिकापुर सहित छत्तीसगढ़ के प्रमुख शहरों और छोटे कस्बों के ग्राहकों के लिए किफायती आवास तक पहुंच और आसान होगी। राज्य में अपनी 27 शाखाओं, जिनमें 'डीप इम्पैक्ट' शाखाएं भी शामिल हैं, के जरिए आधार हाउसिंग फाइनेंस ग्राहकों को अपनी सेवाएं दे रहा है। पीएमएवाई के तहत कंपनी आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस), निम्न आय वर्ग (एलआईजी) और मध्यम आय वर्ग (एमआईजी) के परिवारों को किफायती होम लोन उपलब्ध करा रही है, ताकि वे अपने घर के सपने को साकार कर सकें। 'सभी के लिए आवास' के सरकारी लक्ष्य को आगे बढ़ाते हुए आधार हाउसिंग फाइनेंस विशेष पीएमएवाई स्पॉट सैंक्शन कैंप आयोजित कर रहा है, ताकि अधिक से अधिक पात्र परिवारों तक किफायती आवास की सुविधा पहुंच सके। पीएमएवाई-यू 2.0 के तहत देशभर में अब तक 13.61 लाख से अधिक घरों को मंजूरी मिल चुकी है। इन कैंपों में ग्राहकों को पात्रता की जांच, जरूरी दस्तावेजों से जुड़ी सहायता और पीएमएवाई के तहत मिलने वाले लाभों की जानकारी दी जाएगी। साथ ही, आवश्यक दस्तावेज जमा करने वाले पात्र आवेदकों को मौके पर ही होम लोन स्वीकृति पत्र (सैंक्शन लेटर) भी दिया जाएगा, जिससे अपने घर का सपना पूरा करने की प्रक्रिया और आसान व तेज हो सकेगी। आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और सीईओ ऋषि आनंद ने कहा, हमारा मानना है कि अपने घर का सपना हर परिवार की पहुंच में होना चाहिए। घर केवल रहने की जगह नहीं, बल्कि सुरक्षा, सम्मान और अपनापन भी देता है।

# राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र पंडो जनजाति के ग्रामीण गंभीर त्वचा रोग से जूझ रहे, स्वास्थ्य शिविर और मच्छरदानी वितरण की उठी मांग

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**-सूरजपुर जिले के दूरस्थ एवं पहाड़ी क्षेत्र चांदनी बिहारपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत अन्तिकापुर में रहने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति (पीवीटीजी) पंडो समुदाय के 50 वर्षीय रामलल्लू पंडो लंबे समय से गंभीर त्वचा संबंधी बीमारी से पीड़ित हैं। उनके हाथ-पैरों पर घाव, सूजन और संक्रमण जैसी समस्या दिखाई दे रही है, जिससे उन्हें चलने-फिरने और दैनिक जीवन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उनकी स्थिति ने एक बार फिर दूरस्थ आदिवासी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता और पहुंच पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

ग्रामीणों के अनुसार आर्थिक स्थिति कमजोर होने और समय पर चिकित्सा सुविधा नहीं मिलने के कारण मरीज का समुचित इलाज नहीं हो पा रहा है। क्षेत्र के कई अन्य ग्रामीण भी विभिन्न मौसमी एवं त्वचा संबंधी बीमारियों से प्रभावित हैं, लेकिन नियमित स्वास्थ्य जांच और उपचार की व्यवस्था नहीं होने से उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्राम पंचायत अन्तिकापुर के उपसरपंच तुलसी जायसवाल ने जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि गांव में तत्काल विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर सभी पंडो जनजाति परिवारों की स्वास्थ्य जांच कराई जाए तथा जरूरतमंद मरीजों का नि:शुल्क उपचार और दवा उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि केवल एक मरीज का इलाज पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि पूरे पंडो समुदाय की स्वास्थ्य जांच कर बीमार





लोगों की पहचान और उपचार सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

उन्होंने बताया कि चांदनी बिहारपुर क्षेत्र में लगभग 8,000 से अधिक पंडो जनजाति परिवार निवास करते हैं। बरसात शुरू होते ही बिहारपुर क्षेत्र के अधिकांश गांवों में मच्छरों का प्रकोप तेजी से बढ़ गया है, जिससे मलेरिया, डेंगू, वायरल बुखार, सर्दी-खांसी, निमोनिया तथा अन्य मौसमी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग को सभी ग्राम पंचायतों में विशेष स्वास्थ्य अभियान चलाकर ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच, मलेरिया जांच, आवश्यक रक्त परीक्षण, दवा वितरण एवं उपचार की व्यवस्था करनी चाहिए। ग्रामीणों ने बताया कि करीब दो वर्ष पहले चांदनी बिहारपुर क्षेत्र में पंडो एवं अन्य आदिवासी परिवारों को मच्छरदानियों का वितरण किया गया था। इसके बाद से अब तक क्षेत्र में दोबारा मच्छरदानी का वितरण नहीं किया गया है। बरसात के मौसम में मच्छरों के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए ग्रामीणों ने सभी आदिवासी एवं विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों को तत्काल मच्छरदानी उपलब्ध कराने की मांग की है।

उपसरपंच तुलसी जायसवाल ने कहा कि चांदनी बिहारपुर क्षेत्र की सभी ग्राम पंचायतों में स्वास्थ्य शिविर लगाकर सभी ग्रामीणों की जांच, आवश्यक उपचार, दवा वितरण और विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं, छोटे बच्चों, बुजुर्गों एवं गंभीर मरीजों को प्राथमिकता के आधार पर मच्छरदानी का वितरण किया जाना चाहिए। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष अभियान नहीं चलाया गया तो बरसात के दौरान मच्छरजनित एवं मौसमी बीमारियों का खतरा और बढ़ सकता है। ग्रामीणों ने सूरजपुर कलेक्टर एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) से मांग की है कि चांदनी बिहारपुर क्षेत्र की सभी ग्राम पंचायतों में विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर स्वास्थ्य जांच, उपचार, दवा वितरण, मलेरिया जांच तथा सभी पात्र आदिवासी परिवारों को शीघ्र मच्छरदानी उपलब्ध कराई जाए, ताकि दूरस्थ वनांचल के हजारों लोगों को समय पर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके।

## संक्षिप्त समाचार

### सेवा निवृत्त कालरी कर्मी भरत यादव की संदिग्ध मौत, घटना स्थल से मोटरसाइकिल गायब कई सवालों व अटकलें हुई तेज



**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**- एस ई सी एल बिश्रामपुर क्षेत्र से सेवा मुक्त हुए भारत यादव का आज सुबह संदीप अवस्था में लाश मिली जिससे ग्राम सतपता एवं विश्रामपुर कॉलोनी में हड़कंप मच गई मृतक का मोटरसाइकिल घटनास्थल से गायब है मौके पर पुलिस पहुंचकर छानबीन कर रही है तो दूसरी तरफ अटकलें का दौर भी जारी है। जानकारी के अनुसार चोपड़ा कॉलोनी में लंबे समय तक रहने वाले 70 वर्षीय भारत यादव अपना निवास ग्राम पंचायत सतपता में बना रखी थी बीते शाम घर से निकले थे और आज उनका शव ग्राम पंचायत केशव नगर स्थित जिंदल राइस मिल के पास मिली शरीर में कोई खरोच का निशान नहीं था परंतु मौके से मोटरसाइकिल गायब होने से कई अटकलें को जन्म दे रहा है। मृतक चश्मा पहना हुआ है बगल में मोबाइल पड़ा हुआ है और किसी तरह का बाहरी चोट नजर नहीं आई । घटने की खबर जैसे विश्रामपुर पुलिस को लगी सूचना पर सहायक उप निरीक्षक हरिशंकर तिवारी पहुंचकर जांच पड़ता करके शव विच्छेदन क्रिया हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज जहां से मृतक के परिजन बिहार प्रदेश के भभुआ जिला उनके गृह ग्राम हेतु अंतिम संस्कार हेतु भेज दिया।पुलिस ने बताया कि मृतक भरत यादव का गोद लिया हुआ पुत्र ने बताया कि बात-बात में गुस्सा करने वाले पिताजी कल घर से गुस्सा कर गए थे। पुलिस विभिन्न बिंदुओं की जांच कर रही है।

### अवैध खनिज परिवहन पर प्रशासन की सख्ती, बिना अभिवहन पास के 6 वाहन जब्त



**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**- कलेक्टर जिला सूरजपुर के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण के विरुद्ध लगातार सघन कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में खनि अमला एवं जिला स्तरीय टास्कफोर्स द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में जांच अभियान चलाकर बिना वैध अभिवहन पास के खनिज परिवहन करने वाले वाहनों पर कार्रवाई की गई है। विगत 08 जुलाई 2026 को खनि अमला सूरजपुर द्वारा तहसील सूरजपुर के थाना सूरजपुर क्षेत्र अंतर्गत छठघाट से सरस्वतीपुर मार्ग पर वाहन जांच के दौरान खनिज गिट्टी (निम्न श्रेणी चूना पत्थर) से भरी एक हाइवा बिना अभिवहन पास के परिवहन करते हुए पाई गई। उक्त वाहन को खनिज सहित जब्त कर पुलिस चौकी बसदेई की अभिरक्षा में रखा गया है। इसी प्रकार कार्रवाई को आगे बढ़ाते हुए 09 जुलाई 2026 को तहसील प्रतापपुर अंतर्गत ग्राम खड़गंवाकला में डम्पयार्ड से बिना अभिवहन पास के खनिज रेत का परिवहन करते हुए कुल पांच टिपर वाहनों को जब्त किया गया। सभी प्रकरणों में अवैध खनिज परिवहन का मामला दर्ज कर वाहनों को पुलिस चौकी खड़गंवाकला के सुपुर्द किया गया है। उल्लेखनीय है कि अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा निरंतर कार्यवाही की जा रही है। खनि अमला एवं जिला स्तरीय टास्कफोर्स द्वारा खनिज प्रभावित क्षेत्रों की लगातार निगरानी की जा रही है तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### 12 घंटे में बाइक चोरी का खुलासा, स्मृतिनगर पुलिस ने शातिर चोर को दबोचा

**दुर्ग।** चौकी स्मृतिनगर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बाइक चोरी के मामले का महज 12 घंटे के भीतर खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई बजाज प्लेटिना मोटरसाइकिल भी बरामद कर जब्त कर ली है।पुलिस के अनुसार हेमचंद महिलांग (53 वर्ष), निवासी पेंड्री तराई, थाना नंदनी नगर ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वह 3 जुलाई 2026 को अपनी पत्नी के उपचार के लिए शंकराचार्य अस्पताल, जुनवानी पहुंचे थे। उन्होंने अपनी बजाज प्लेटिना (छत्त 25 स्न 3015) अस्पताल की पार्किंग में खड़ी की थी। 7 जुलाई को वापस लौटने पर मोटरसाइकिल पार्किंग से गायब मिली।शिकायत के आधार पर थाना सुपेला की चौकी स्मृतिनगर में अपराध क्रमांक 956/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 303(2) में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

## संपादकीय

# विदेशी कंपनियों का पूरा नियंत्रण

फिनटेक से संबंधित भारत के महत्त्वपूर्ण डेटा तक अमेरिकी कंपनियों की पैठ गहराती जा रही है। भारत के डिजिटल पेमेंट क्षेत्र पर वॉलमार्ट, गूगल, मेटा आदि जैसी विदेशी कंपनियों का लगभग पूरा नियंत्रण है। फिनटेक ऐप क्रेड में 90 करोड़ डॉलर के निवेश और क्रेड के संस्थापक कुणाल शाह को ह्वाट्सऐप का वैश्विक प्रमुख बनाने के मेटा के फैसले से उचित ही भारतवासियों में उपलब्धि बोध भरा है। शाह अब अनेक बड़े नामों में शामिल हो गए हैं, जो भारत से शुरुआत करते हुए सबसे बड़ी अमेरिकी कंपनियों में सर्वोच्च पद पर पहुंच गए। यह भारत की तकनीकी एवं प्रबंधकीय शिक्षा व्यवस्था की प्रतिभा तराशने की उच्च क्षमता की एक मिसाल है। मगर इस चकमते सिक्के का एक दूसरा पहलू भी है। ऐसी हर उपलब्धि इस हकीकत को बेनकाब करती है कि भारत प्रतिभाओं का लॉन्च पैड बनने से आगे नहीं बढ़ पाया है। स्वदेशी प्रतिभाएं भारत में स्टार्ट-अप्स के जरिए अपनी पहचान बनाती हैं, जिन्हें जल्द ही खासकर अमेरिकी कंपनियां खींच ले जाती हैं। नतीजतन, आज तक एक भी भारतीय ब्रांड अपनी अद्वितीय वैश्विक पहचान नहीं बना पाया है। क्रेड के सिलसिले में यह चिंताजनक पहलू भी उभरा है कि भारतीय फिनटेक में रणनीतिक निवेश के जरिए देश के महत्त्वपूर्ण डेटा तक अमेरिकी कंपनियों की पैठ गहराती जा रही है। भारत के डिजिटल पेमेंट क्षेत्र पर वॉलमार्ट, गूगल, मेटा आदि जैसी विदेशी कंपनियों का लगभग पूरा नियंत्रण है। 2018 में लॉन्च हुए क्रेड के आज लगभग एक करोड़ 70 लाख यूजर हैं, जो अपने क्रेडिट कार्ड, बीमा खरीदारी, यूपीआई पेमेंट, ऋण, निवेश आदि से जुड़े कार्य इस कार्ड से करते हैं। ये भारत के सबसे समृद्ध उपभोक्ता हैं, जिनका बेहद अहम डेटा क्रेड के पास है। आशंका पैदा हुई है कि भविष्य में इस कंपनी अपना निवेश बढ़ाकर मेटा इन सारे आंकड़ों की मालिक बन सकती है। गौरतलब है कि ह्वाट्सऐप का इस्तेमाल भी पेमेंट ऐप के रूप में होता है। यह डेटा मेटा के आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस एजेंट के लिए भी बड़े काम का साबित हो सकता है। भारत में चीन की तरह डेटा ट्रांसफर पर रोक की कारगर कानूनी व्यवस्था नहीं है। ऐसे में संप्रभु एआई या संप्रभु हाई टेक का विकास की बातें खोखली नजर आने लगती हैं। इसीलिए क्रेड और मेटा में बना संबंध चिंता के पहलुओं को भी उजागर कर गया है।

## आलेख


# हमें हक नहीं किसी के विश्वास की हत्या करने का

पूनम भाटिया

रिश्ते केवल खून से नहीं बनते, विश्वास से बनते हैं। और जब विश्वास ही हत्या का हथियार बन जाए, तब केवल एक व्यक्ति नहीं मरता, इंसानियत भी घायल होती है। पिछले कुछ समय में देश ने ऐसे कई मामले देखे हैं जिन्होंने समाज को भीतर तक झकझोर दिया। हाल के सिया-केतन प्रकरण में जाँच एजेंसियाँ प्रेम, सगाई और कथित साजिश के पहलुओं की जाँच कर रही हैं। इससे पहले सोनम-राजा रघुवंशी हत्याकांड लंबे समय तक चर्चा में रहा। उससे पहले श्रद्धा वालकर हत्याकांड ने पूरे देश को स्तब्ध कर दिया था, जिसमें लिव-इन पार्टनर पर हत्या और शव के टुकड़े करने का आरोप लगा। दिल्ली का चर्चित नीला ड्रम मामला भी लोगों के मन में आज तक भय पैदा करता है। इन सभी मामलों की परिस्थितियाँ अलग-अलग हैं और अंतिम न्यायिक निर्णय अपनी प्रक्रिया से होगा, लेकिन एक बात समान दिखाई देती है और वह है-भरोसे का टूटना। विश्वास की परिभाषा सरल है-किसी पर निर्भर होना और उसके साथ सुरक्षित भविष्य की उम्मीद रखना। लेकिन जब वही भरोसा धोखे में बदल जाता है, तो केवल एक व्यक्ति नहीं टूटता; उसके साथ परिवार, सामाजिक रिश्ते और मानवीय संवेदनाएँ भी आहत होती हैं। सिया-केतन जैसे मामलों में व्यक्तिगत संबंधों के साथ आर्थिक और भावनात्मक जटिलताएँ भी सामने आती हैं। ऐसे में यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि किन चेतावनी संकेतों को अनदेखा किया गया और किसने किसके विश्वास का लाभ उठाया। यह केवल अपराध की कहानी नहीं, बल्कि उस भरोसे की हत्या है जिसके सहारे कोई अपना भविष्य किसी दूसरे के साथ जोड़ता है। जब जीवन का सबसे सुरक्षित रिश्ता ही सबसे बड़ा खतरा बन जाए, तो समाज को आत्ममंथन करना ही होगा। अधिकांश विश्वासघात निजी और पारिवारिक रिश्तों में होते हैं। प्रेम, सहजीवन और वैवाहिक संबंध सुरक्षा का आधार होने चाहिए, लेकिन जब इन्हीं का दुरुपयोग होता है तो पीड़ा कई गुना बढ़ जाती है। प्रेम का अर्थ अधिकार नहीं, स्वीकार है। विवाह का अर्थ बंधन नहीं, साझेदारी है। यदि किसी रिश्ते में प्रेम, सम्मान और विश्वास समाप्त हो जाए, तो अलग होने के लिए कानून, संवाद, परिवार और समाज, सभी रास्ते उपलब्ध हैं। किसी का जीवन छीन लेने का अधिकार किसी को नहीं हो सकता। आज सोशल मीडिया पर अपराधों की खबरें सनसनी बनकर फैलती हैं। कई बार लोग अपराधी की चालाकी या उसकी योजना पर ऐसे चर्चा करते हैं, मानो वह कोई रोमांचक कहानी हो। यह प्रवृत्ति भी चिंताजनक है। हर ऐसी खबर के पीछे किसी माँ का उजड़ा आँगन, किसी पिता का टूटा सहारा और किसी परिवार का आजीवन दर्द छिपा होता है। ऐसे अपराध केवल कानूनी रिकॉर्ड का हिस्सा नहीं बनते, बल्कि समाज में भय, संदेह और असुरक्षा भी बढ़ाते हैं। विश्वासघात केवल हत्या तक सीमित नहीं है। झूठ बोलना, भावनाओं से खेलना, आर्थिक शोषण करना, दोस्ती या प्रेम के नाम पर धोखा देना, ये उसी मानसिकता के अलग-अलग रूप हैं। जब छोटे छल को सामान्य मान लिया जाता है, तभी बड़े अपराधों की जमीन तैयार होती है। इस समस्या का समाधान केवल कठोर कानून नहीं हैं। सामाजिक जागरूकता, मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की आसान पहुँच, रिश्तों में पारदर्शिता और घरेलू हिंसा के विरुद्ध प्रभावी सहायता तंत्र भी उतने ही आवश्यक हैं। शिक्षा-प्रणाली को बच्चों में ईमानदारी, संवेदनशीलता और संवाद का संस्कार विकसित करना होगा। मीडिया को भी जाँच प्रक्रिया और पीड़ितों की गरिमा का सम्मान करते हुए जिम्मेदारी से रिपोर्टिंग करनी चाहिए। हमें अपने बच्चों को केवल सफल होना नहीं, बल्कि विश्वसनीय होना भी सिखाना होगा। रिश्तों में ईमानदारी, असहमति में संवाद और अलगाव में गरिमा ही सभ्य समाज की पहचान है। रिश्ता टूटने का दर्द समय के साथ कम हो सकता है, लेकिन जब इंसान का इंसान पर से भरोसा टूट जाता है, तब उसका असर पूरे समाज पर पड़ता है। किसी भी सभ्यता की सबसे बड़ी हार यही है।

# कृषि यांत्रिकीकरण पर सब-मिशन:कृषि मशीनीकरण के माध्यम से उत्पादकता में हो रही वृद्धि..

कृषि यांत्रिकीकरण पर सब-मिशन (एसएमएएम) के माध्यम से पूरे देश में कृषि मशीनीकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे विशेष रूप से छोटे और सीमांत किसानों, महिला किसानों तथा सामाजिक रूप से वंचित वर्गों की आधुनिक कृषि मशीनों तक पहुंच सुनिश्चित हो रही है। कृषि मशीनीकरण में क्षेत्रीय असमानताओं को दूर करने के लिए विशेषकर पूर्वोत्तर राज्यों के साथ उन राज्यों एवं क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जहां कृषि यंत्रों का उपयोग अपेक्षाकृत कम है। योजना के शुरू होने से अब तक 9,404.47 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता के माध्यम से देशभर के किसानों को 21.61 लाख कृषि मशीनें उपलब्ध कराई जा चुकी हैं। इसके अलावा, 52.5 करोड़ रुपये की सहायता से 40,918 हेक्टेयर क्षेत्र में 40,928 से अधिक ड्रोन प्रदर्शन आयोजित किए गए हैं। इन प्रदर्शनों ने किसानों के बीच आधुनिक कृषि प्रौद्योगिकियों के उपयोग को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।




### कृषि यांत्रिकीकरण के माध्यम से खेती को सुदृढ़ बनाना

भारत में कृषि उत्पादकता बढ़ाने में मशीनीकरण की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके अंतर्गत फसल उत्पादन के पूरे चक्र में विभिन्न कृषि कार्यों के लिए मशीनों, उपकरणों और आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जाता है। इनमें भूमि की तैयारी, बुआई, सिंचाई, फसल संरक्षण, कटाई एवं कटाई के बाद के प्रबंधन जैसे सभी प्रमुख कार्य शामिल हैं। कृषि मशीनीकरण से मानव और पशु श्रम पर निर्भरता कम होती है, जिससे कृषि कार्य समय पर, अधिक दक्षता व सटीकता के साथ पूरे किए जा सकते हैं। इसके परिणामस्वरूप उत्पादन लागत घटती है, श्रम उत्पादकता बढ़ती है, कृषि कार्यों की गुणवत्ता में सुधार होता है तथा किसानों की आय और खेती की समग्र उत्पादकता बढ़ाने में मदद मिलती है। भारत में कृषि मशीनीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वर्ष 2014-15 में कृषि यांत्रिकीकरण पर सब-मिशन (एसएमएएम) शुरू किया गया। यह राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरकेवीवाई) के तहत केंद्र प्रायोजित एक प्रमुख पहल है। इसका उद्देश्य आधुनिक कृषि मशीनों एवं उपकरणों का लाभ उन किसानों और क्षेत्रों तक पहुंचाना है, जहां कृषि मशीनीकरण का स्तर अभी भी अपेक्षाकृत कम है। इस योजना का विशेष ध्यान छोटे और सीमांत किसानों, महिला किसानों, अनुसूचित जाति (एससी) एवं अनुसूचित जनजाति (एसटी) के किसानों, किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ), स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) तथा ग्रामीण उद्यमियों पर है। यह योजना कस्टम हायरिंग सेंटर (सीएचसी) की स्थापना को बढ़ावा देती है। ये ऐसे केंद्र हैं, जहां कृषि मशीनें, औजार और उपकरण उपलब्ध होते हैं, जिन्हें किसान किराए पर ले सकते हैं। यह योजना उच्च-प्रौद्योगिकी और महंगे कृषि उपकरणों के लिए हब स्थापित करने तथा कृषि मशीनरी के वितरण में भी सहायता प्रदान करती है। इसके तहत प्रदर्शन और क्षमता निर्माण संबंधी पहलों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाई जाती है। उन क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाता है, जहां कृषि मशीनीकरण का स्तर और कृषि शक्ति अपेक्षाकृत कम है। साथ ही, कस्टम हायरिंग सेंटरों के माध्यम से सस्ती किराया सेवाएं उपलब्ध कराकर छोटे जोत आकार और अधिक लागत जैसी चुनौतियों का समाधान किया जाता है। इसके अलावा, कृषि मशीनीकरण पर सब-मिशन के तहत कृषि मशीनरी के प्रदर्शन परीक्षण और प्रमाणन को भी सहायता प्रदान की जाती है। इससे जुड़े हितधारकों के बीच इनका उपयोग बढ़ाने के लिए सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) गतिविधियां भी संचालित की जाती हैं। वर्ष 2007 में शुरू की गई राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरकेवीवाई) एक प्रमुख योजना है, जिसका उद्देश्य राज्यों को कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में सार्वजनिक निवेश बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करना है। यह योजना राज्यों को स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप परियोजनाओं की योजना बनाने और उन्हें लागू करने की पर्याप्त स्वतंत्रता और अधिकार प्रदान करती है। इसके अंतर्गत फसल उत्पादन, बुनियादी ढांचे का विकास, कृषि मशीनीकरण तथा मूल्य संवर्धन जैसी विभिन्न गतिविधियां शामिल हैं। वर्ष 2017-18 में इस योजना का पुनर्गठन कर इसे आरकेवीवाई-रफ्तार (कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों के कायाकल्प के लिए लाभकारी दृष्टिकोण) के रूप में लागू किया गया, जिसमें फसल-पूर्व और फसलोपरांत बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने पर विशेष जोर दिया गया।

### खेती की उत्पादकता बढ़ाने के लिए एसएमएएम के रणनीतिक स्तंभ

कृषि यांत्रिकीकरण पर सब-मिशन (एसएमएएम) को आधुनिक कृषि उपकरणों तक पहुंच बेहतर बनाकर, श्रम की आवश्यकता कम करके और खेती की उत्पादकता बढ़ाकर समावेशी तथा कुशल कृषि मशीनीकरण को बढ़ावा देने के लिए बनाया गया है। प्रशिक्षण, परीक्षण, प्रदर्शन व फसल कटाई के बाद के कामों में मशीनीकरण को बढ़ावा देना: आधुनिक कृषि तकनीकों तक पहुंच बढ़ाकर कृषि उत्पादकता और कार्यकुशलता में वृद्धि करता है। साथ ही, कृषि मशीनीकरण को प्रोत्साहित करते हुए फसल कटाई के बाद प्रसंस्करण, भंडारण, मूल्य संवर्धन तथा फसल अवशेष प्रबंधन के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करता है।

### खेती-बाड़ी के यंत्रों और उपकरणों की खरीद के लिए आर्थिक मदद

यह योजना प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) प्रणाली के माध्यम से कृषि मशीनों के व्यक्तिगत स्वामित्व के लिए सब्सिडी प्रदान करती है। इसके तहत सामान्य श्रेणी के लाभार्थियों को कृषि मशीन की लागत का 40 प्रतिशत व अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, छोटे और सीमांत किसानों तथा पूर्वोत्तर राज्यों के लाभार्थियों को 50 प्रतिशत तक की वित्तीय सहायता दी जाती है। इसके अलावा, छोटे एवं सीमांत किसानों को कस्टम हायरिंग सेंटर, स्वयं सहायता समूह और किसान उत्पादक संगठनों के माध्यम से ड्रोन सहित मशीनीकृत कृषि सेवाओं के उपयोग के लिए प्रति हेक्टेयर 2,000 रुपये की सहायता प्रदान की जाती है। किराये पर मशीनें देने के लिए 'फार्म मशीनरी बैंक' (एफएमबी) बनाना: यह योजना एसएचजी, एफपीओ और स्थानीय संस्थाओं को कृषि मशीनें खरीदने के लिए 80 से 90 प्रतिशत तक की वित्तीय सहायता प्रदान कर कृषि मशीनीकरण को बढ़ावा देती है। सीएचसी की स्थापना के लिए 250 लाख रुपये तक की परियोजनाओं पर कुल लागत का 40 प्रतिशत वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है, जबकि एफएमबी की स्थापना के लिए 30 लाख रुपये तक की परियोजनाओं पर 80 प्रतिशत वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाती है। हाई-टेक और ज्यादा उत्पादकता वाले इक्विपमेंट हब बनाना: कार्यकुशलता बढ़ाने तथा महंगी और उन्नत कृषि मशीनों तक किसानों की पहुंच आसान बनाने के लिए फसल-विशिष्ट कार्यों हेतु उन्नत एवं उच्च क्षमता वाली कृषि मशीनरी से सुसज्जित केंद्रों की स्थापना करना सुनिश्चित किया गया है। पूर्वोत्तर क्षेत्र (एनईआर) में कृषि यांत्रिकीकरण को बढ़ावा देना: पूर्वोत्तर राज्यों की क्षेत्रीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विशेष सहायता प्रदान की जाती है। इसके तहत लघु कृषि मशीनों पर 100 प्रतिशत तक की सब्सिडी तथा फार्म मशीनरी बैंक की स्थापना के लिए 95 प्रतिशत तक की वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाती है।

### खेती में मशीनीकरण को बढ़ावा: एसएमएएम की वित्तीय रीढ़

एसएमएएम के तहत वर्ष 2014-15 से 2025-26 तक 9,404.47 करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता से देशभर के किसानों को 21.61 लाख कृषि मशीनें उपलब्ध कराई गईं। इसके अलावा, योजना के अंतर्गत 27,554 कस्टम हायरिंग सेंटर, 646 हाई-टेक हब तथा 25,608 फार्म मशीनरी बैंक स्थापित करने में सहायता प्रदान की गई। योजना के तहत कृषि मशीनों के व्यक्तिगत स्वामित्व वाले लाभार्थियों की संख्या वर्ष 2020-21 में 2.07 लाख से बढ़कर वर्ष 2024-25 में 2.32 लाख हो गई, जो कृषि मशीनीकरण के विस्तार और योजना की बढ़ती पहुंच को दर्शाती है। यह योजना केंद्र और राज्य सरकारों के बीच लागत-साझाकरण की व्यवस्था पर आधारित है। अधिकांश राज्यों के लिए केंद्र और राज्य के बीच वित्तीय भागीदारी का अनुपात 60:40 है, जबकि पूर्वोत्तर एवं हिमालयी राज्यों के लिए यह 90:10 निर्धारित किया गया है। केंद्र शासित प्रदेशों को 100 प्रतिशत केंद्रीय सहायता प्रदान की जाती है। वित्तपोषण की यह व्यवस्था विभिन्न क्षेत्रीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए कृषि यांत्रिकीकरण को व्यापक स्तर पर अपनाने में सहायक है।

### नवाचार को बढ़ावा: एसएमएएम के माध्यम से ड्रोन आधारित कृषि का बड़े पैमाने पर विस्तार

कृषि यांत्रिकीकरण पर सब-मिशन (एसएमएएम) के तहत खेती-बाड़ी कार्यों में ड्रोन के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत 52.50 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता से भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) ने देशभर में व्यापक स्तर पर फील्ड प्रदर्शन आयोजित कर कृषि में ड्रोन के उपयोग को प्रोत्साहित किया है। वर्ष 2023-24 से 2025-26 के दौरान भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने राज्य कृषि विश्वविद्यालयों व कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) के सहयोग से 40,918 हेक्टेयर क्षेत्र में 'किसान ड्रोन' के 40,928 प्रदर्शन आयोजित किए। इन प्रदर्शनों में निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार पोषक तत्वों, उर्वरकों एवं कृषि-रसायनों (एग्रो-केमिकल्स) के छिड़काव पर विशेष ध्यान दिया गया। ड्रोन आधारित कृषि को व्यापक स्तर पर अपनाने के लिए एसएमएएम के तहत ड्रोन की खरीद एवं उनके प्रदर्शन हेतु वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के संस्थानों, कृषि विज्ञान केंद्रों व राज्य कृषि विश्वविद्यालयों जैसे पात्र संस्थानों को इन उद्देश्यों के लिए प्रति ड्रोन 10 लाख रुपये तक की 100 प्रतिशत वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाती है। किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) को ड्रोन खरीदने के लिए 75 प्रतिशत तक का अनुदान दिया जाता है। इसके अलावा, सेवा मॉडल के माध्यम से ड्रोन का उपयोग करने वाली एजेंसियों को प्रति हेक्टेयर 6,000 रुपये तक का आकस्मिक व्यय प्रदान किया जाता है। इसके अलावा, एसएमएएम समावेशी कृषि मशीनीकरण पर विशेष जोर देता है और कुल आवंटित निधि का 30 प्रतिशत महिला किसानों के लिए निर्धारित करता है। इस प्रावधान का उद्देश्य कृषि मशीनों तक उनकी पहुंच बढ़ाना तथा मशीनीकृत कृषि पद्धतियों में उनकी भागीदारी को प्रोत्साहित करना है।

### करना, विकास को बढ़ावा देना: एसएमएएम का प्रभाव

एसएमएएम कृषि उत्पादकता, कार्यकुशलता और समावेशिता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ है। छोटे एवं सीमांत किसानों, महिला किसानों, एससी/एसटी समुदायों तथा कम मशीनीकरण वाले क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देकर इस योजना ने सब्सिडी, कस्टम हायरिंग सेंटर, फार्म मशीनरी बैंक तथा क्षेत्र-विशिष्ट सहायता के माध्यम से कृषि मशीनीकरण से जुड़ी प्रमुख चुनौतियों का समाधान किया है। प्रशिक्षण, प्रदर्शन, फसलोपरांत प्रबंधन और ड्रोन जैसी आधुनिक तकनीकों को बढ़ावा देने पर इसका विशेष जोर कृषि के आधुनिकीकरण के प्रति इसकी दूरदर्शी सोच को दर्शाता है। संस्थागत ढांचे को सुदृढ़ करते हुए एसएमएएम ने श्रम की आवश्यकता कम करने, कृषि कार्यों को समय पर पूरा करने और कृषि उत्पादकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

# भारत की शिल्प विरासत के लिए एक डिजिटल प्लेटफॉर्म

इंडियाहैंडमेड एक समर्पित डिजिटल मार्केटप्लेस है जो भारत की हथकरघा और हस्तशिल्प परंपराओं को ऑनलाइन अर्थव्यवस्था में लाता है। यह मंच कारीगरों और बुनकरों को सीधे खरीदारों से जोड़ता है, आजीविका और सांस्कृतिक संरक्षण का समर्थन करते हुए बाजार तक पहुंच का विस्तार करता है। यह जीआई-टैग और ओडीओपी वस्तुओं सहित विविध हस्तनिर्मित उत्पादों को प्रदर्शित करता है, जिससे क्षेत्रीय शिल्प उत्पादों की विभिन्न स्थानों पर मौजूदगी बढ़ती है।

**हस्तनिर्मित आजीविका के लिए एक डिजिटल इंडिया ब्रिज**- भारत दुनिया की सबसे समृद्ध हथकरघा और हस्तशिल्प परंपराओं में से एक है। यह क्षेत्र न केवल भारत की सांस्कृतिक विरासत का प्रतिनिधित्व करता है, बल्कि समावेशी आजीविका का एक महत्वपूर्ण स्रोत भी है। भारत में वर्तमान में अनुमानित 64.66 लाख हथकरघा और हस्तशिल्प कारीगर हैं। इस कार्यबल में महिलाओं की काफी भागीदारी है। अगस्त 2025 के आंकड़ों के अनुसार महिलाएं हथकरघा बुनकरों में 71 प्रतिशत और कुल कारीगरों का 64 प्रतिशत हैं। यह मजबूत भागीदारी विशेष रूप से ग्रामीण समुदायों में रोजगार और सशक्तिकरण का समर्थन करने में इस क्षेत्र की भूमिका को दर्शाती है। बड़ी संख्या में कारीगरों और बुनकरों के बल पर यह क्षेत्र भारत के उभरते बाजार में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। जैसे-जैसे वाणिज्य तेजी से डिजिटल होता जा रहा है, ऑनलाइन पहुंच इन शिल्प समुदायों को बाजार में भागीदारी बढ़ाने में मदद कर रही है। डिजिटल इंडिया पहल के माध्यम से, पारंपरिक आजीविका तेजी से डिजिटल व्यापार के अवसरों तक पहुंच प्राप्त कर रही है। इंडियाहैंडमेड को 2023 में लॉन्च किया गया। यह इस विजन को एक समर्पित डिजिटल मार्केटप्लेस में बदल देता है। वस्त्र मंत्रालय के तहत डिजिटल इंडिया कॉर्पोरेशन द्वारा विकसित, यह प्लेटफॉर्म हस्तनिर्मित उत्पादों की मौजूदगी को बढ़ाता है और विक्रेताओं के लिए बाजार के व्यापक अवसर के द्वार खोलता है।

**भारत में इंडियाहैंडमेड प्लेटफॉर्म की मुख्य विशेषताएं**- इंडियाहैंडमेड विक्रेताओं, खरीदारों और शिल्प विरासत का समर्थन करने के लिए डिज़ाइन की गई सुविधाओं के एक सेट के माध्यम से परंपराओं को ऑनलाइन बाजार में लाता है: विशेष ऑनलाइन मार्केटप्लेस: यह बुनकरों और कारीगरों को अपने हथकरघा और हस्तशिल्प उत्पादों को ऑनलाइन बेचने में सक्षम बनाता है। खरीदारों की सीधी पहुंच: कारीगर और बुनकर सीधे खरीदारों से जुड़े हुए हैं, जिससे बिचौलियों को कम करने और उचित मुआवजे का समर्थन करने में मदद मिलती है। अधिक मौजूदगी: प्लेटफ़ॉर्म इंडियाहैंडमेड उत्पादों को व्यापक ग्राहक आधार पर प्रदर्शित करता है, जिससे विक्रेताओं के लिए बाजार के अवसर बढ़ते हैं। डिजिटल सशक्तिकरण: कारीगरों और बुनकरों को ऑनलाइन व्यापार में अधिक प्रभावी ढंग से भाग लेने के लिए डिजिटल उपकरण और मौजूदगी प्रदान की जाती है। वित्तीय और सामाजिक सशक्तिकरण: व्यापक बाजार पहुंच आजीविका को मजबूत करती है और आय के अवसरों का समर्थन करती है। सांस्कृतिक संरक्षण: शिल्प-आधारित उत्पादों की एक विविध श्रृंखला भारत की हस्तनिर्मित विरासत को दृश्यमान रखती है और भविष्य की पीढ़ियों के लिए पारंपरिक कौशल को संरक्षित करने में मदद करती है।

**इंडियाहैंडमेड सबसे अलग कैसे**- पोर्टल को विश्वास, पहुंच और विक्रेता सशक्तिकरण के आसपास डिज़ाइन किया गया है। यह एक सहज बाज़ार प्रदान करता है, जहां कारीगर और बुनकर खरीदारों तक पहुंच सकते हैं और खरीदार अधिक आत्मविश्वास के साथ हस्तनिर्मित उत्पादों की खोज कर सकते हैं। यह प्लेटफॉर्म रोजमर्रा के हस्तनिर्मित उत्पादों और मान्यता प्राप्त क्षेत्रीय शिल्प के लिए एक क्यूरेटेड डिजिटल स्पेस प्रदान करता है। यह परिधान, घर की सजावट, साज-सज्जा, पेंटिंग, फर्नीचर, धार्मिक वस्तुओं, स्टेशनरी, संगीत वाद्ययंत्र, आभूषण, बैग और जूते सहित उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है। यह जीआई-टैग और ओडीओपी उत्पादों जैसी विशेष उत्पाद श्रेणियों पर भी प्रकाश डालता है। यह मान्यता प्राप्त क्षेत्रीय शिल्प को अधिक मौजूदगी और एक विशिष्ट पहचान प्रदान करता है।

**जीआई-टैग किए गए उत्पाद**- जीआई-टैग किए गए उत्पादों में एक भौगोलिक संकेत होता है, जो उन्हें एक विशिष्ट क्षेत्र, गुणवत्ता और प्रतिष्ठा से जोड़ता है। यह प्लेटफॉर्म विभिन्न प्रकार के जीआई-टैग वाले उत्पाद जैसे ऐपन कला, शुद्ध पश्मीना शॉल, डोकरा सजावट और मुंडू उत्पाद प्रदान करता है।

**ओडीओपी उत्पाद**- एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) पहल संतुलित क्षेत्रीय विकास का समर्थन करने के लिए प्रत्येक जिले से एक अद्वितीय उत्पाद की पहचान करती है और उसे बढ़ावा देती है। इस प्लेटफॉर्म में तंगेल साड़ी, बनारसी सिल्क उत्पाद, इकत, तसर सिल्क साड़ी, चंदेरी सिल्क और टेराकोटा उत्पाद शामिल हैं।

**विश्वास बनाना और विक्रेता की भागीदारी को आसान बनाना**- बेहतर पहुंच, बेहतर आश्वासन: खरीदारों को मुफ्त शिपिंग, खरीद सुरक्षा, सुरक्षित भुगतान और खरीदार समर्थन प्रणाली के माध्यम से अधिक विश्वसनीय खरीदारी अनुभव से लाभ होता है। यह प्रतिस्पर्धी कीमतों पर दस्तकारी उत्पादों की पेशकश करके विश्वास को भी मजबूत करता है। विक्रेताओं के लिए सरल ऑनबोर्डिंग: यह मंच कारीगरों, बुनकरों और उत्पादक संगठनों को बाज़ार तक पहुँचने के लिए एक निर्देशित ऑनबोर्डिंग मार्ग प्रदान करता है।

**छोटे विक्रेताओं को डिजिटल व्यापार में लाना**- जीएसटी पंजीकरण के बिना विक्रेता एक नामांकन आईडी का उपयोग करके पंजीकरण कर सकते हैं, जिसमें केवल अपने राज्य के भीतर बेचने का आदेश है। यह पोर्टल को छोटे कारीगरों और पहली बार डिजिटल विक्रेताओं के लिए अधिक समावेशी और सुलभ बनाता है।

**बाज़ार के पीछे की सफलता की गाथाएं** इस प्लेटफॉर्म के पीछे कारीगर, बुनकर और उद्यम हैं जिनकी शिल्प परंपराएं डिजिटल व्यापार के माध्यम से फल-फूल रही हैं। सैंटर्म्स हस्तनिर्मित शिल्प की गर्मी को रोजमर्रा की जिंदगी में लाता है। लकड़ी की सजावट और सुगंधित मोमबत्तियों से लेकर टेराकोटा दीये, संगमरमर की मूर्तियों और हथकरघा साड़ियों तक, प्रत्येक उत्पाद पर्याप्त निगरानी, परंपरा और सुंदरता की सोच को दर्शाता है।

# गुरु शिष्य मिलन देख भाव विभोर हुए भक्त, गुरु शिष्य के छलक उठे आंसू

**औरंगाबाद (विश्व परिवार)।** भरोसा करना तो गुरु पर ही करना वरना जी नहीं पाओगे परमात्मा जब भी मिलेगा गुरु से ही मिलेगा। अन्तर्मना' गुरुदेव आचार्य श्री प्रसन्न सागर, मानव कल्याण स्थली पुष्पगिरी तीर्थ के प्रणेता आचार्य श्री पुष्पदंत सागर जी महाराज के सुयोग्य शिष्य 'अन्तर्मना' गुरुदेव आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज संघस्थ मुनि श्री पीयूष सागर जी ससंघ महामंगल प्रवेश पुष्पगिरी तीर्थ पर हुआ।

इससे पूर्व अंतर्मना गुरुदेव ससंघ का मंगल विहार आकाश जैन गुरुभक्त परिवार भागीरथ एवेन्यू कॉलोनी सोनकच्छ से बैंड बाजो के साथ पुष्पगिरी तीर्थ की और हुआ। मार्ग में कई सामाजिक धार्मिक व राजनीतिक संस्थाओं ने गुरुदेव का स्वागत कर उनका आशीर्वाद लिया। जहां दोपहर 3.45 पर जैनाचार्य श्री पुष्पदंत सागर का





मिलन अपने शिष्य अंतर्मना प्रसन्न सागर जी महाराज से हुआ। शिष्य ने संघ के साथ तीन परिक्रमा लगाकर अपने गुरु के चरण वंदन कर उनका आशीष लिया। दोनों संतों ने एक दूसरे को गले लगाया गले लगाते हुए शिष्य प्रसन्न सागर जी की आंखें नम हो गयी। ये दृश्य देख उपस्थित जनसमुदाय भाव विभोर हो गया ओर गुरु शिष्य के जयकारो से पुष्पगिरी तीर्थ गुंजायमान हो गया। पुष्पगिरी पर स्कूल कॉलेज के बच्चों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। गुरु शिष्य एक दूसरे का हाथ थाम कर मंच पर पहुंचे। जहां अंतर्मना सहित संघ ने गुरुदेव के चरण प्रक्षालन कर गुरुरज मस्तक पर लगाई। आयोजन का शुभारंभ अतिथियों द्वारा द्वीप्रज्वलन के साथ हुई।

इस अवसर पर अंतर्मना गुरुदेव ने कहा भरोसा करना तो गुरु पर ही करना वरना जी नहीं पाओगे परमात्मा जब भी मिलेगा गुरु से ही मिलेगा। जिंदगी में देव शास्त्र ओर गुरु के अलावा सब अशरण है। जब तक बिका न था तो कोई पूछता न था गुरु ने अपना कर हमे अनमोल कर दिया....

गणाचार्य पुष्पदंत सागरजी महाराज ने कहा कि परमात्मा आपके ही अंदर है। परमात्मा हमसे कुछ लेता नहीं सिर्फ देता रहता है। शिष्य से मिलने से पहले मेरे आंसू बह रहे थे । बीज भले ही छोटा हो जब उसे प्रेम रूपी खाद, पानी उसे मिलता है वह वटवृक्ष बन जाता है। प्रसन्न सागर वही बीज हैं जो वटवृक्ष बन गए हैं। इस अवसर पर विधायक डॉ.राजेश सोनकर पुष्पगिरी सुभाष जैन समन्वयक आकाश जैन, जैन सामाज अध्यक्ष महेन्द्र पाटोदी उपस्थित थे।

# सहयोग केंद्र में शिक्षा मंत्री यादव ने कार्यकर्ताओं से किया सीधा संवाद

- 1500 से अधिक कार्यकर्ता मिलने पहुंचे

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय स्थित 'सहयोग केंद्र' में गुरुवार को प्रदेश के शिक्षा मंत्री श्री गजेंद्र यादव ने पार्टी कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेशभर से पहुँचे कार्यकर्ताओं की समस्याओं, सुझावों और शिकायतों को अत्यंत संवेदनशीलता के साथ सुना और उनके त्वरित निराकरण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

सहयोग केन्द्र में शिक्षा व्यवस्था में सुधार, स्थानीय विकास कार्यों और विभिन्न जनहितैषी योजनाओं से जुड़े मामलों को लेकर कार्यकर्ता श्री यादव से रू-ब-रू हुए। इस दौरान श्री यादव ने कहा कि सहयोग केंद्र सरकार और संगठन



के बीच एक मजबूत सेतु है। हमारा उद्देश्य है कि अंतिम छोर पर बैठे कार्यकर्ता और आम नागरिक की बात सीधे सरकार तक पहुँचे और उनकी समस्याओं का त्वरित व गुणवत्तापूर्ण समाधान हो। सहयोग केंद्र की इस नियमित कड़ी में गुरुवार को श्री यादव के साथ भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जी. वेंकटेश्वर एवं प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# शिक्षक पटेल ने पौधरोपण कर हरियाली का दिया संदेश



- जन्मदिन पर बच्चों को कराया न्योता भोज

**आरंग (विश्व परिवार)।** गुरुवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चरौदा के शिक्षक महेन्द्र कुमार पटेल ने 9 जुलाई को अपने जन्मदिन के अवसर पर बच्चों को न्योता भोज कराया। उन्होंने बताया न्योता भोज में बच्चों को मीठा और नमकीन वितरण किया गया।साथ ही अपने जन्मदिन की स्मृति में बच्चों व शिक्षको के साथ मिलकर स्कूल परिसर में पीपल पौधे रोपित कर हरियाली का संदेश दिया। न्योता भोज व पौधरोपण में संस्था प्रधान सहित समस्त शाला स्टाफ व बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

### महापौर अलका बाघमार ने किया नाली-पुलिया निर्माण का भूमिपूजन

# दो वार्डों में 25 लाख रुपए के विकास कार्यों की सौगात

- गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्यों पर महापौर की सख्ती, कमी मिलने पर तत्काल सूचना देने नागरिकों से की अपील

**दुर्ग (विश्व परिवार)।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत विकास कार्यों को गति देते हुए आज महापौर अलका बाघमार ने वार्ड क्रमांक 8 तकिया पारा एवं वार्ड क्रमांक 25 गायत्री मंदिर वार्ड में नाली एवं पुलिया निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर, शेखर चन्द्राकर,मनीष साहू, काशीराम कोसरे, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, नीलेश अग्रवाल, पार्षद खालिक रिजवी, पार्षद मनीषा सोनी,गुलाब वर्मा, जितेंद्र ताम्रकर (जीतू )अनूप सोनी,उपअभियंता प्रेरणा दुबे,अपर्णा मिश्रा सहित वार्ड के नागरिकगण उपस्थित रहे।

वार्ड क्रमांक 8 तकिया पारा में 15 लाख रुपए की लागत से तथा वार्ड क्रमांक 25 गायत्री मंदिर वार्ड में 10 लाख रुपए की



लागत से नाली एवं पुलिया निर्माण कार्य किया जाएगा। दोनों वार्डों में कुल 25 लाख रुपए के विकास कार्यों से नागरिकों को बेहतर सुविधा मिलेगी और जल निकासी व्यवस्था मजबूत होगी।

भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान महापौर अलका बाघमार ने कहा कि शहर के सभी वार्डों में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार और गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है।

उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि निर्माण कार्य के दौरान यदि किसी प्रकार की कमी या अनियमितता दिखाई दे तो तत्काल कार्य को रुकवाकर इसकी सूचना दें। गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों पर कार्रवाई की जाएगी।

महापौर ने बताया कि निगम क्षेत्र के सभी 60 वार्डों में संबंधित इंजीनियरों को पार्षदों के साथ निरीक्षण कर क्षतिग्रस्त पुलिया एवं आवश्यक निर्माण कार्यों का सर्वे कर प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि आवश्यकता के अनुसार विकास कार्यों को प्राथमिकता से कराया जा सके। इस अवसर पर वार्डवासियों ने विकास कार्यों की स्वीकृति एवं भूमिपूजन के लिए महापौर का आभार व्यक्त किया।

# बढ़व संगवारी संस्था ने भाटापारा में किया कैरियर काउंसलिंग



- छात्रो को स्वयं को जानने सिखाया कौशल

**भाटापारा (विश्व परिवार)।** गुरुवार को शासकीय आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय भाटापारा में कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें रायपुर की संस्था बढ़व संगवारी की टीम भाटापारा स्कूल पहुंचकर कैरियर काउंसलिंग किया। कार्यक्रम में डॉ मीरा बघेल ने साइकोमैट्रिक टेस्ट लेकर बच्चों को स्वयं को जानने का कौशल सिखाया। श्री विष्णु बघेल ने कार्यक्रम का आरंभ करते हुए भारतीय संविधान का पाठ कराया तथा संविधान के उद्देश्यों को पूरा करने में अपनी भूमिका जानने की प्रेरणा दी। सेवानिवृत्त सहायक प्राध्यापक शिवकुमार वर्मा ने पढ़ाई के सही तरीके की जानकारी देकर कैरियर मार्गदर्शन देते हुए बारहवीं के बाद के विभिन्न विषयों और संस्थानों की जानकारी दी।

डॉ वासु वर्मा ने बढ़ती उम्र में आवश्यक पोषण आहार के स्त्रोत की जानकारी दी।

# रोटरी क्लब ऑफ रायपुर रॉयल, रोटरेक्ट व इंटरेक्ट क्लब की नई कार्यकारिणी ने ग्रहण किया पदभार

**रायपुर (विश्व परिवार)।** रोटरी क्लब ऑफ रायपुर रॉयल के नवीन सत्र 2026-27 का पदस्थापना समारोह उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि प्रांतपाल रोटेरियन Alam Singh Roopra तथा विशिष्ट अतिथि आगामी प्रांतपाल रोटेरियन Bhanu Pratap Singh की उपस्थिति में नई कार्यकारिणी ने विधिवत पदभार ग्रहण किया।

समारोह में रोटरी क्लब ऑफ रायपुर रॉयल के अध्यक्ष रोटेरियन सुनील अग्रवाल एवं सचिव रोटेरियन अंकित गोयल ने पदभार ग्रहण किया। वहीं रोटरेक्ट क्लब ऑफ रायपुर रॉयल के अध्यक्ष करण सिंह खनूजा एवं सचिव निशिका अग्रवाल तथा इंटरेक्ट




क्लब ऑफ रायपुर रॉयल की अध्यक्ष वैष्णवी अग्रवाल एवं सचिव अनहाद धूपर ने भी अपने-अपने दायित्व संभाले।

मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर आलम सिंह रूपरा ने अपने संबोधन में कहा कि रोटरी का मूल उद्देश्य समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। उन्होंने नई टीम से सेवा, नेतृत्व एवं नवाचार के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण तथा युवा सशक्तिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने का आह्वान किया।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने कहा कि क्लब आगामी वर्ष में समाज के विभिन्न वर्गों तक सेवा गतिविधियों को और अधिक प्रभावी ढंग से पहुँचाने का प्रयास करेगा। क्लब स्वास्थ्य शिविर, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा, रक्तदान, महिला सशक्तिकरण तथा युवाओं के व्यक्तित्व विकास से जुड़े अनेक सेवा प्रकल्पों का आयोजन करेगा।

### कोंडागांव में ठगों ने फर्जी लोन से 12 करोड़ निकाले

# शेयर निवेश में 1000-करोड़ की ठगी, भिलाई का सीए गिरफ्तार

**भिलाई (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ में 2 अलग-अलग ठगी के मामले सामने आए हैं। भिलाई में शेयर ट्रेडिंग और गोल्ड श्वझ्वस्न में निवेश के नाम पर प्रदेश के 1500 लोगों से करीब 1000 करोड़ रुपए की ठगी का आरोप है। कंपनी ने लोगों को हर महीने 10त्न प्रॉफिट और रकम डबल करने का झांसा दिया था। शुरू के कुछ महीने में मुनाफा दिया गया, लेकिन पिछले 10 महीनों से रुपए मिलने बंद हो गए। तब जाकर लोगों को ठगी का एहसास हुआ। बुधवार को मुख्य आरोपी योगेश साहू किसी दूसरे मामले में कोर्ट पहुंचा था।

निवेशकों ने योगेश साहू को कोर्ट परिसर से पकडक़र पुलिस के हवाले कर दिया। योगेश पेशे



से चार्टर्ड अकाउंटेंट (Cþ) और एरिना कैपिटल का संचालक है। इस मामले में सुपेला पुलिस ने योगेश के सहयोगी मेघा साहू, गोविंद साहू, राजेंद्र साहू, पद्मा साहू, लोमश साहू, ज्ञानप्रकाश साहू और उसके साथियों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। शदाब सिद्दीकी से 1.61 करोड़, इन्द्रेश कुमार बांगरे से 1.12 करोड़ रुपए, विद्यानंद चंद्र दत्ता और अंकित दत्ता से 23 लाख, अरुण कुमार और प्रज्ञा दुबे ने 63 लाख रुपए निवेश किए थे।

# सीता मेमोरियल डेंटल हॉस्पिटल ने स्कूली बच्चों का डेंटल कैम्प का आयोजन किया

**रायपुर (विश्व परिवार)।** समाज सेविका एवं शिविर की आयोजिका श्रीमती इंदिरा जैन के सहयोग एवं सीता मेमोरियल डेंटल हॉस्पिटल के तत्वावधान में सरस्वती शिशु मंदिर, मठपुरेना के बच्चों के लिए नि:शुल्क दंत जांच एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।इनकी सर्वसुविधा युक्त मोबाइल वैन मे बच्चों की आधुनिक मशीन द्वारा जांच की गई।

शिविर में लगभग 350 बच्चों के दांतों की जांच की गई। डॉ. प्रिया सराफ ने बच्चों को दांतों की नियमित सफाई और सही तरीके से ब्रश करने का प्रैक्टिकल करवाकर बताया। उन्होंने बच्चों को सलाह दी कि सुबह-रात ब्रश करें, हर भोजन के बाद कुल्ला करें और चॉकलेट, टॉफी जैसी मीठी चीजों से बचें।

विद्यालय में बच्चों एवं शिक्षकों को भी दंत स्वास्थ्य के प्रति



जागरूक किया गया। आयोजिका श्रीमती इंदिरा जैन ने शिक्षकों से अनुरोध किया कि वे हर शनिवार बच्चों को व्यक्तिगत सफाई के बारे में जानकारी दें।

सुगंधा जैन ने सीता मेमोरियल डेंटल हॉस्पिटल की डॉ. प्रिया एवं समस्त स्टाफ तथा स्कूल स्टाफ का आभार व्यक्त किया। जरूरतमंद बच्चों को नि:शुल्क उपचार हेतु परामर्श दिया गया तथा गंभीर मामलों को आगे के इलाज के लिए चिन्हित किया गया। आयोजकों ने बताया कि बच्चों में दंत रोगों की रोकथाम के लिए ऐसे शिविर आगे भी लगाए जाएंगे।

इस अवसर पर जय भारत माता आराधना समिति के अध्यक्ष डॉ. अनिल कर्नावत, सचिव श्री देवेंद्र अग्रवाल जी, एवं राजेंद्र फौजदार जी जो विद्यालय की देखरेख एवं व्यवस्था संभालते है ने इस आयोजन की सराहना करते हुए आयोजकों को बधाई दी। विद्यालय परिवार, अभिभावक एवं स्थानीय नागरिकों ने भी इस पहल को बच्चों के स्वास्थ्य के लिए उपयोगी पहल बताया।

# निगम स्वास्थ्य विभाग ने डस्टबिन नहीं रखने, गन्दगी फैलाने वालों पर किया ई चालान

**रायपुर (विश्व परिवार)।** रायपुर नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 2 स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा गन्दगी फैलाने और प्रतिबंधित प्लास्टिक से सम्बंधित प्राप्त जनशिकायतों को तत्काल संज्ञान में लेकर नगर निगम आयुक्त श्री संबित मिश्रा के निर्देश पर जोन 2 जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय के मार्गनिर्देशन और जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री रवि लवनिया की उपस्थिति में जोन 2 क्षेत्र अंतर्गत बाजार क्षेत्र में डस्टबिन नहीं रखने, गन्दगी फैलाने और




प्रतिबंधित प्लास्टिक मिलने की जनशिकायतें औचक निरीक्षण में स्थल पर सही मिलने पर सम्बंधित 8 संस्थानों से कुल 14300 रूपये ई चालान सम्बंधितों को भविष्य के लिए कड़ी कार्यवाही की चेतावनी देते हुए वसूला और डस्टबिन नहीं रखने, गन्दगी फैलाने,प्रतिबंधित प्लास्टिक मिलने से सम्बंधित प्राप्त जनशिकायतों का जोन के स्तर पर त्वरित निदान किया।

# शासकीय सेवकों के लिए वेतन के विरुद्ध अल्पावधि ऋण योजना का शुभारंभ

- कर्मचारियों की गरिमा और आर्थिक सुरक्षा के लिए मुख्यमंत्री की बड़ी पहल
- आकस्मिक जरूरतों के लिए अब ऊंची ब्याज दर पर ऋण लेने की आवश्यकता नहीं होगी

**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज मंत्रालय महानदी भवन के सभागार में राज्य के शासकीय सेवकों के लिए वेतन के विरुद्ध अल्पावधि ऋण योजना का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने योजना के ब्रोशर का भी विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने इसे कर्मचारी कल्याण, सुशासन और संवेदनशील प्रशासन की दिशा में राज्य सरकार की महत्वपूर्ण पहल बताते हुए कहा कि इसका उद्देश्य शासकीय सेवकों को आकस्मिक परिस्थितियों में



सम्मानजनक, त्वरित और सहज वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि शासकीय सेवक राज्य के विकास की रीढ़ हैं। जब कर्मचारी आर्थिक चिंताओं से मुक्त होकर कार्य करेंगे, तभी शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी ढंग से पहुंच सकेगा। उन्होंने कहा कि अब कर्मचारियों को आकस्मिक आवश्यकताओं के लिए निजी साहूकारों अथवा ऊंची ब्याज दरों पर ऋण लेने की विवशता का सामना नहीं करना पड़ेगा। सरकार ने उनकी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए ऐसी व्यवस्था विकसित की है, जिसके माध्यम से वे बिना अनावश्यक कागजी प्रक्रिया के अपनी पात्रता के अनुसार अल्पावधि ऋण प्राप्त कर सकेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वित्त विभाग ने सूचना प्रौद्योगिकी का प्रभावी उपयोग करते हुए इस सुविधा को ई-कोष प्रणाली से एकीकृत किया है। यह व्यवस्था पूरी तरह डिजिटल, पेपरलेस, सुरक्षित और पारदर्शी है तथा इससे राज्य सरकार पर कोई अतिरिक्त वित्तीय भार भी नहीं आएगा। उन्होंने इस अभिनव पहल के लिए वित्त विभाग की टीम को बधाई देते हुए सभी शासकीय सेवकों से विकसित छत्तीसगढ़ और सुशासन के संकल्प को आगे बढ़ाने में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

# शालीमार-एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस में अतिरिक्त एसी-3 कोच की सुविधा



**रायपुर (विश्व परिवार)।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा व अधिकाधिक यात्रियों को कंफ़र्म बर्थ उपलब्ध कराने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से गुजरने वाली गाड़ी संख्या 18030/18029 शालीमार-एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी-3 कोच की सुविधा अस्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा रही है। यह सुविधा गाड़ी संख्या 18030 शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस में दिनांक 11 जुलाई से 17 जुलाई 2026 तक तथा गाड़ी संख्या 18029 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस में दिनांक 13 जुलाई से 19 जुलाई 2026 तक उपलब्ध रहेगी। इस सुविधा की उपलब्धता से इस गाड़ी में यात्रा करने वाले अधिकाधिक यात्री लाभान्वित होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### एनएमआईपीएल ने वर्ल्ड प्रीमियर के दौरान नई निसान टेक्टोन को लॉन्च किया

**रायपुर।** निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एनएमआईपीएल) ने आज भारत में आयोजित वर्ल्ड प्रीमियर के दौरान नई निसान टेक्टोन को लॉन्च किया। यह लॉन्चिंग कंपनी के उत्पाद विस्तार अभियान का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। प्रीमियम सी-एसयूवी सेगमेंट की यह पहली ऐसी एसयूवी है, जिसमें सभी वेरिएंट्स में 100 प्रतिशत टर्बोचार्ज्ड इंजन लाइन-अप दिया गया है। इसके साथ ही इसमें सेगमेंट के कई बेस्ट फीचर्स दिए गए हैं, जिनमें 280 एनएम का टर्बो परफॉर्मेंस, गूगल बिल्ट-इन कनेक्टिविटी और 700 लीटर का क्लास-लीडिंग बूट स्पेस शामिल हैं। वर्ल्ड प्रीमियर के दौरान निसान के चीफ परफॉर्मेंस ऑफिसर गुइलॉम कार्टियर ने कहा हम भारत में निसान को पहले से अधिक मजबूत और प्रतिस्पर्धी बनाने की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं। हम अपने एसयूवी पोर्टफोलियो को मजबूत कर रहे हैं और बाजार पर अपना फोकस बढ़ा रहे हैं। नई निसान टेक्टोन का वर्ल्ड प्रीमियर हमारे उस संकल्प को दिखाता है, जिसमें ग्लोबल प्रोडक्ट स्ट्रेंथ को स्थानीय ग्राहकों की जरूरतों के अनुरूप पेश किया जा रहा है। टेक्टोन इस बात का स्पष्ट उदाहरण है कि निसान किस तरह सार्थक बदलाव के साथ भविष्य के लिए तैयार और अधिक प्रतिस्पर्धी उत्पादों की दिशा में आगे बढ़ रही है। निसान के एएमआईईओ रीजन के चेयरपर्सन मैसिमिलानो मेसिना ने कहा भारत वर्तमान समय में विभिन्न बाजारों और क्षेत्रों में निसान की विकास यात्रा को नई गति दे रहा है। टेक्टोन हमारी वन कार, वन वर्ल्ड फिलॉसफी का मजबूत उदाहरण है। यह एक ग्लोबल प्रोडक्ट है, जिसकी इंजीनियरिंग भारत में की गई है, भारतीय ग्राहकों के लिए इसका निर्माण यहीं हुआ है और इसे कई निर्यात बाजारों के लिए भी विकसित किया गया है। इससे एक ग्रोथ इंजन और एसयूवी प्रोडक्शन हब के रूप में निसान के लिए भारत की भूमिका और मजबूत हुई है। निसान और इनफिनिटी के डीवीपी-प्रेसिडेंट (मिडल ईस्ट, केएसए, इंडिया एंड सीआईएस) थियरी सबाग ने कहा टेक्टोन हमारी क्षमताओं का मजबूत उदाहरण है। इसके माध्यम से ग्लोबल एसयूवी एक्सीलेंस को भारत में लाया गया है। नई ग्रेवाइट की लॉन्चिंग के बाद अब नई निसान टेक्टोन का वर्ल्ड प्रीमियर भारत में हमारी वापसी की रणनीति को और गति देने वाला तथा हमारे एसयूवी पोर्टफोलियो को मजबूत बनाने वाला है।

# लापरवाही की सड़क बनी काल!

### पीडब्ल्यूडी की अधूरी शोल्डर भराई ने ली महिला बाइक सवार की जान, CCTV फुटेज वायरल



**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की कथित लापरवाही एक बार फिर लोगों की जान पर भारी पड़ती दिखाई दे रही है। विभाग द्वारा निर्मित गरियाबंद-छुरा मुख्य मार्ग पर सड़क किनारे बने गहरे कटाव और जर्जर रोड शोल्डर ने एक महिला बाइक सवार की जान ले ली। इस दर्दनाक हादसे के बाद सड़क निर्माण और रखरखाव की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

जानकारी के अनुसार, गरियाबंद-छुरा मार्ग पर परसूली गांव के मध्य स्थित सड़क पर कुछ दिनों पहले एक बाइक सड़क किनारे बने कटाव वाले शोल्डर में फिसल गई। अचानक संतुलन बिगड़ने से बाइक सवार महिला सड़क पर गिर गई, जिससे महिला बस चक्के के नीचे आ गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार महिला की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। फुटेज में स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि सड़क किनारे शोल्डर में बने गहरे कटाव के कारण बाइक असंतुलित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाती है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर लंबे समय से सड़क किनारे शोल्डर क्षतिग्रस्त है। कई स्थानों पर मिट्टी बह जाने से गहरे गड्ढे और कटाव बन गए हैं, जिससे विशेषकर दोपहिया वाहन चालकों को लगातार खतरा बना रहता है। कई बार शिकायत करने के बावजूद लोक निर्माण विभाग द्वारा स्थायी समाधान नहीं किया गया।

ग्रामीणों का आरोप है कि हर वर्ष सड़क के शोल्डर की मरम्मत एवं भराई के नाम पर लाखों रुपये खर्च किए जाते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर कार्य की गुणवत्ता दिखाई नहीं देती। बरसात शुरू होते ही सड़क किनारे की मिट्टी बह जाती है और सड़क जानलेवा साबित होने लगती है। ऐसे में विभागीय दावों और वास्तविक स्थिति के बीच बड़ा अंतर साफ नजर आता है।

इस हादसे के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। लोगों ने दुर्घटना स्थल का निरीक्षण कर सड़क के दोनों किनारों पर तत्काल शोल्डर भराई, कटाव की मरम्मत और सुरक्षा उपाय किए जाने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते सड़क का रखरखाव किया गया होता तो एक महिला की जान बच सकती थी।

क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से हादसे की जांच कर दोषी अधिकारियों एवं जिम्मेदार एजेंसी के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही गरियाबंद-छुरा मार्ग सहित जिले की अन्य जर्जर सड़कों का तत्काल सर्वे कर आवश्यक मरम्मत कार्य शुरू करने की भी अपील की है।

अब बड़ा सवाल यह है कि जब सड़क रखरखाव और शोल्डर भराई पर हर वर्ष लाखों रुपये खर्च किए जाते हैं, तो आखिर सड़क किनारे ऐसे जानलेवा कटाव क्यों बने रहते हैं? क्या विभाग किसी और बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहा है, या फिर इस हादसे के बाद जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी? यह आने वाला समय बताएगा।

## मड़ई मेले की रंजिश बनी मौत की वजह, हत्या के आरोप में 6 युवक गिरफ्तार, एक बाल अपचारी भी पकड़ा गया

### धक्का-मुक्की से शुरू हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदला, अस्पताल में भर्ती कराने के बाद भी नहीं बची युवक की जान

**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** मैनपुर मड़ई मेले में हुई मामूली धक्का-मुक्की एक युवक की मौत का कारण बन गई। मामले की गंभीर जांच के बाद पुलिस ने हत्या के आरोप में छह युवकों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक विधि से संघर्षरत बालक को भी अभिरक्षा में लिया गया है।

पुलिस के अनुसार, 3 जुलाई 2026 को जिला अस्पताल गरियाबंद से सूचना मिली कि मैनपुर निवासी 28 वर्षीय आकाश कश्यप की उपचार के दौरान मौत हो गई है। सूचना पर सिटी कोतवाली पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। घटना मैनपुर थाना क्षेत्र की होने से जांच डायरी मैनपुर थाना भेजी गई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित टीम ने घटनास्थल, प्रत्यक्षदर्शियों के बयान और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर गहन जांच की। जांच में सामने आया कि 1 जुलाई 2026 को मैनपुर मड़ई मेले में भीड़ के दौरान हुई धक्का-मुक्की के बाद दोनों पक्षों में विवाद बढ़ गया। इसी दौरान आरोपियों ने आकाश कश्यप पर डंडों तथा हाथ-मुक्कों से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना के बाद आरोपी ही घायल युवक को मैनपुर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल गरियाबंद रेफर किया गया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों से स्पष्ट हुआ कि मारपीट में लगी गंभीर चोटों के कारण ही युवक की मृत्यु हुई।

पुलिस ने जांच के बाद देवकुमार निषाद (20), भीखम यादव (18), मनीष यादव (19), लक्की नेताम (19), लोकेश यादव (23) और डिगेंद्र निर्मलकर (18) को गिरफ्तार कर लिया। मामले में एक विधि से संघर्षरत बालक को भी अभिरक्षा में लिया गया है।

आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103(1) एवं 3(5) के तहत अपराध दर्ज किया गया है। पर्याप्त साक्ष्य मिलने के बाद सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से आगे की वैधानिक कार्रवाई की गई।

पुलिस ने बताया कि इस पूरे मामले के खुलासे और आरोपियों की गिरफ्तारी में मैनपुर थाना पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## सैमसंग ने भारत में अगली गैलेक्सी फोल्डेबल सीरीज़ के लिए प्री-रिजर्वेशन शुरू किया

**गुरुग्रामः** सैमसंग ने भारत में अपनी अगली गैलेक्सी फोल्डेबल स्मार्टफोन सीरीज़ के लिए प्री-रिजर्वेशन शुरू करने की घोषणा की है। ग्राहक इन नए फोल्डेबल डिवाइसों को ग्लोबल लॉन्च से पहले प्री-रिजर्व कर सकते हैं। ग्राहक 999 रुपये की रिफंडेबल टोकन राशि देकर आगामी गैलेक्सी फोल्डेबल स्मार्टफोन्स का प्री-रिजर्वेशन कर सकते हैं। यह सुविधा Samsung.com, सैमसंग एक्सक्लूसिव स्टोर्स, Amazon.in, Flipkart.com और देशभर के प्रमुख रिटेल स्टोर्स पर उपलब्ध है। प्री-रिजर्वेशन करने वाले ग्राहकों को डिवाइस खरीदने पर 2,799 रुपये तक के विशेष लाभ मिलेंगे। सैमसंग ने अपनी फोल्डेबल डिवाइसों को लगातार और अधिक पतला, हल्का और मजबूत बनाया है, साथ ही इनके उपयोग अनुभव को भी बेहतर किया है। कंपनी के अनुसार, अगली पीढ़ी की गैलेक ?सी फोल्डेबल सीरीज़ में उन्नत एआई क्षमताओं और नए डिजाइन का मेल देखने को मिलेगा, जिससे उपयोगकर्ताओं को अधिक व्यक्तिगत और सहज अनुभव मिल सकेगा। यह एआई आधारित मोबाइल अनुभव को एक नए स्तर पर ले जाने की दिशा में सैमसंग का अगला कदम है। गैलेक्सी अनपैक्ड इवेंट का आयोजन 22 जुलाई को लंदन (यू.के.) में किया जाएगा। इस इवेंट का सीधा प्रसारण भारतीय समयानुसार शाम 6:30 बजे से Samsung.com, सैमसंग न्यूज़रूम और सैमसंग के यूट्यूब चैनल पर देखा जा सकेगा।

## स्काउट-गाइड गतिविधियों को मिलेगी नई गति, जिला संरक्षक एवं कलेक्टर आकाश छिकारा से मिला प्रतिनिधिमंडल

### कार्यालय भवन और यूनिफॉर्म मद के लिए बजट आबंटन का सौंपा ज्ञापन, सकारात्मक कार्रवाई का मिला आश्वासन



**जगदलपुरः-** भारत स्काउट एवं गाइड जिला बस्तर के जिला मुख्य आयुक्त सुरेश गुप्ता के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल एवं स्काउट-गाइड के पदाधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर एवं भारत स्काउट एवं गाइड बस्तर के जिला संरक्षक आकाश छिकारा से सौजन्य भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया तथा भारत स्काउट एवं गाइड का स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

मुलाकात के दौरान जिला मुख्य आयुक्त सुरेश गुप्ता ने जिले में संचालित स्काउट-गाइड की गतिविधियों, उपलब्धियों एवं आगामी कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्काउट-गाइड के माध्यम से विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, सेवा भावना, आत्मनिर्भरता, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक उत्तरदायित्व तथा राष्ट्र प्रेम जैसे संस्कार विकसित किए जा रहे हैं। नए शिक्षा सत्र में अधिक से अधिक विद्यालयों एवं विद्यार्थियों को स्काउट-गाइड से जोड़ने के लिए विशेष अभियान भी चलाया जा रहा है।

प्रतिनिधिमंडल ने जिला स्काउट-गाइड की आवश्यकताओं एवं समस्याओं से संबंधित ज्ञापन भी कलेक्टर को सौंपा। ज्ञापन में प्रमुख रूप से जिला स्काउट एवं गाइड कार्यालय के लिए स्थायी भवन उपलब्ध कराने तथा आर्थिक रूप से कमजोर स्काउट एवं गाइड विद्यार्थियों के लिए यूनिफॉर्म मद में आवश्यक बजट आबंटित करने का आग्रह किया गया ताकि जिले में संगठन की गतिविधियों का और अधिक प्रभावी संचालन हो सके।

कलेक्टर एवं जिला संरक्षक आकाश छिकारा ने स्काउट गाइड द्वारा किए जा रहे समाजोपयोगी एवं व्यक्तित्व निर्माण के कार्यों की सराहना करते हुए सभी मांगों पर सकारात्मक विचार कर आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि स्काउट-गाइड जैसी संस्थाएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और प्रशासन भी ऐसे रचनात्मक प्रयासों को प्रोत्साहित करने के लिए सदैव तत्पर रहेगा।

प्रतिनिधिमंडल ने विश्वास व्यक्त किया कि जिला प्रशासन के सहयोग से बस्तर जिले में स्काउट-गाइड गतिविधियों को नई ऊर्जा मिलेगी तथा अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं इस संगठन से जुड़कर राष्ट्र निर्माण और समाज सेवा की भावना को आगे बढ़ाएंगे।

इस अवसर पर परमेश राजा, सूर्य भूषण सिंह, श्रीमती सुधा परमार जिला गाइड आयुक्त, मनोज महापात्र जिला मुख्यालय आयुक्त, दसरू राम यादव डीओसी, जयप्रकाश पाठक डीटीसी, लिलेश देवांगन जिला सचिव, श्रीमती मीरा हिरवानी डीओसी गाइड, श्रीमती जमुना ठाकुर गाइडर, गोपेंद्र सिंह शार्दुल जिला कोषाध्यक्ष, विजय चंद्राकर जिला मीडिया प्रभारी अन्य सदस्य उपस्थित रहे।


**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग (वि./यां.) संभाग नवा रायपुर**
**अटल नगर (छ.ग.)**

ज्ञाप क्रमांक 1603/नि.लि./2025-26 नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 07.07.2026

**निविदा निरस्तीकरण सूचना**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा आमंत्रण सूचना- 1543/NIT-10/2026-27/ नि.लि. नवा रायपुर दिनांक 25.06.2026 में सम्मिलित सिस्टम निविदा क्र. T0033, T0034, T0035, T0036, T0037, T0038, T0039, T0040, T0041 को अपरिहार्य कारणों से एतद् द्वारा निरस्त किया जाता है:-
(जी क्र. 262701773/1)

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. (वि./यां.) संभाग
नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)

G-262701977/1


# स्वच्छ एवं स्वस्थ बस्तर अभियान को मिली गति





### मलेरिया, डेंगू एवं मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग की व्यापक कार्रवाई जारी

**जगदलपुर/** कलेक्टर श्री आकाश छिकारा के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग बस्तर द्वारा जिले में संचालित स्वच्छ एवं स्वस्थ बस्तर अभियान के अंतर्गत मलेरिया मुक्त बस्तर के लक्ष्य को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा मलेरिया, डेंगू सहित अन्य मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए व्यापक स्तर पर कार्यवाही की जा रही है।

अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित रूप से सर्वेक्षण कर संभावित मरीजों की पहचान की जा रही है। बुखार से पीड़ित व्यक्तियों की जांच कर आवश्यकतानुसार मलेरिया एवं डेंगू की स्क्रीनिंग की जा रही है। इसके साथ ही प्रभावित क्षेत्रों में लार्वा सर्वे, स्रोतों का नष्टिकरण, फॉगिंग तथा आवश्यक दवाओं का छिड़काव कराया जा रहा है।

स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा घर-घर जाकर लोगों को स्वच्छता बनाए रखने, घरों एवं आसपास पानी जमा नहीं होने देने, मच्छरदानी के नियमित उपयोग तथा बुखार के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच एवं उपचार कराने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, नगरीय निकाय तथा अन्य संबंधित विभागों के समन्वय से स्वच्छता गतिविधियां भी लगातार संचालित की जा रही हैं, ताकि मच्छरों के प्रजनन स्थलों को समाप्त कर संक्रामक एवं मौसमी बीमारियों की रोकथाम सुनिश्चित की जा सके।

जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अपने घरों एवं आसपास साफ-सफाई बनाए रखें, पानी को कहीं भी लंबे समय तक जमा न होने दें तथा बुखार या अन्य संदिग्ध लक्षण होने पर स्वयं उपचार करने के बजाय तुरंत स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर जांच कराएं। जनसहभागिता से ही मलेरिया मुक्त एवं स्वस्थ बस्तर के लक्ष्य को सफल बनाया जा सकता है।


**कार्यालय कलेक्टर जिला धमतरी एवं पदेन उप सचिव**
**छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग**

:: अधिसूचना ::

धमतरी, दिनांक... 30/06/2025/6516

राजस्व प्रकरण कमांक 202503130400042/अ-82/2024-25, चूंकि राज्य शासन को यह प्रतित होता है कि नीचे अनुसूची में वर्णित भूमि ए.डी.बी. लोन-3 परियोजना अंतर्गत बुढ़ेनी-नयापारा, परसवानी, मगरलोड, मोहदी, बोरसी, मोयना मार्ग का पुर्ननिर्माण एवं उन्नयन कार्य हेतु सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है। अतः भूमि अर्जन पुनर्वासन तथा पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (जिसे एतद् पश्चात अधिनियम, 2013 कहा जायेगा) की धारा 19 के तहत् यह घोषित किया जाता है कि इस भूमि की उक्त प्रयोजन के लिए आवश्यकता है-

:: अनुसूची ::

(1) भूमि का वर्णन-
(क) जिला- धमतरी
(ख) तहसील - धमतरी
(ग) ग्राम - लीलर
(घ) क्षेत्रफल - 0.0406 हे.

| क्रमांक | खसरा नम्बर | क्षेत्रफल (हे.में ) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | 1140 | 0.0096 |
| 2 | 1142 | 0.0104 |
| 3 | 1144 | 0.0176 |
| 4 | 1344 | 0.0030 |

2. भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) धमतरी के कार्यालय में किया जा सकता है।
3. प्रस्तावित भू-अर्जन से किसी भी व्यक्ति का विस्थापन निहित नहीं है।
4. पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन प्रशासक / अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) धमतरी के कार्यालय में पुनर्वास योजना का अवलोकन किया जा सकता है।

(पीबूष तिवारी)
अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं
भू-अर्जन अधिकारी धमतरी,
जिला-धमतरी (छ.ग.)

जी-262701973/1

(अबिनाश मिश्रा)
कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
पैराजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

# देवतुल्य कार्यकर्ताओं को समर्पित भाजपा का नवीन जिला कार्यालय राष्ट्रसेवा का नया केंद्र बनेगा : मुख्यमंत्री साय

■ भाजपा कार्यालय केवल भवन नहीं, राष्ट्रसेवा और संगठन साधना का देवालय है : मुख्यमंत्री




**कवर्धा ( विश्व परिवार )।** भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक विस्तार और जनसेवा के संकल्प को नई ऊर्जा प्रदान करने की दिशा में कबीरधाम जिले में नवनिर्मित भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय का भव्य लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में नवीन कार्यालय का लोकार्पण किया। समारोह में भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जाम्वाल, प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन, सांसद राजनांदगांव संतोष पांडेय, विधायक पंडरिया भावना बोहरा, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जगन्नाथ पाणिग्रही, भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष नंदन जैन, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, बड़ी संख्या में संगठन कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने उद्बोधन में कहा कि सशक्त संगठन ही जनसेवा की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने कहा कि यह नवीन जिला कार्यालय संगठनात्मक गतिविधियों को नई गति देने, कार्यकर्ताओं को सशक्त मंच उपलब्ध कराने तथा जनसेवा के संकल्प को और अधिक मजबूती प्रदान करने का केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्रसेवा की अखंड साधना है। हमारे लिए संगठन का प्रत्येक कार्यालय किसी भवन का स्वरूप नहीं, बल्कि एक देवालय है, जहां राष्ट्र प्रथम का मंत्र, सेवा का भाव और अंत्योदय का संकल्प प्रतिदिन जीवंत होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कार्यालय देवतुल्य कार्यकर्ताओं को समर्पित है, जिनके त्याग, समर्पण, सेवा और अथक परिश्रम ने संगठन को निरंतर नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि संगठन की यही शक्ति विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। मुख्यमंत्री ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह द्वारा नवीन कार्यालय भवन में लिफ्ट स्थापित किए जाने के प्रस्ताव को तत्काल स्वीकृति प्रदान करते हुए इसकी घोषणा की, जिसका उपस्थित कार्यकर्ताओं ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ स्वागत किया।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि कवर्धा में स्थापित यह नवीन जिला कार्यालय संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं की ऊर्जा और जनसेवा के संकल्प को नई दिशा देगा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की वास्तविक ताकत है और यह कार्यालय आने वाले वर्षों में संगठनात्मक गतिविधियों का प्रभावी केंद्र बनेगा।

# संक्रामक बिमारी से बचने व स्वच्छता अपनाने महापौर ने की अपील

**राजनांदगांव ( विश्व परिवार )।** मौसमी बिमारी डेंगू,मलेरिया एवं अन्य संक्रामक बिमारियो को फैलने रोकथाम व बचाव हेतु सावधानी बरतने, घरो एंव आसपास साफ सफाई रखने महापौर श्री मधुसूदन यादव ने नागरिकों से अपील की है।



बरसात में मौसमी बिमारी डेंगू मलेरिया तथा अन्य संक्रामक बिमारी फैलने की संभावना बनी रहती है। जिसे ध्यान में रखते हुये महापौर श्री यादव ने नागरिको से कहा है कि साफसफाई का विशेष ध्यान रखा जाये, पानी छानकर व उबालकर पीये, खाद्य पदार्थो को ढककर रखे, ताजे फल सब्जी का उपयोग करे। सर्दी बुखार होने की स्थिति में नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में सम्पर्क कर तुरंत ईलाज करावे, उन्होंने कहा कि सावधानी बरतकर ही हम स्वस्थ्य रह सकते है।

महापौर श्री यादव ने कहा कि बारिश में कुलर को अच्छी तरह से साफ कर खस वाली शीट को कडक धुप में सुखाना है क्याकि डेंगू के मच्छर एंडीस के अण्डे कूलर के खस की शीट में चिपके रहते है और नमी मिलते ही जीवित हो जाते है। इसलिये धूप में सुखाना अत्यंत आवश्यक है। इसी प्रकार आंगन एवं छत की खुली हुई पानी टंकियों को ढक कर रखना है व टूटे फुटे मटके, टायर-ट्यूब, प्लास्टिक के बाटल, डब्बे को नष्ट करना है। फ्रिज के पानी जमा होने वाले ट्रे के पानी को एवं मंदिर में रखे कलश के पानी को प्रति सप्ताह बदलना है। घरों के आस पास पानी जमा नहीं होने देना है। मच्छरदानी लगाकर सोना है। इस प्रकार की सावधानी बरतकर हम डेंगू, मलेरिया एवं मौसमी संक्रामक बिमारी से बच सकते है।

महापौर श्री यादव ने निगम के स्वास्थ्य अमला से भी कहा है कि प्रतिदिन नाली नालो की सफाई कर नियमित रूप से कचरा उठावे तथा दवाई का छिडकाव करे। नलो, हैण्ड पंपों के आस पास व गड्ढों में भरे पानी को कच्ची नाली खोद कर निकासी की व्यवस्था करें एवं कैपास व नुवान दवाई का छिडकाव करे, जिससे लार्वा उत्पन्न न हो।

# बृजमोहन और शकुंतला पोर्ते ने खोली फर्जी सुशासन के दावों की पोल: कांग्रेस

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** बृजमोहन अग्रवाल की नाराजगी और विधायक शकुंतला पोर्ते की इस सरकार के शराब प्रेम की पीड़ा और उसको लेकर कुछ कर नहीं पाने उनकी असमर्थता को भाजपा सरकार का अधिनायकवादी चरित्र बताते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि इस सरकार की कारगुजारियों से भाजपा के नेता और कार्यकर्ता भी व्यथित हैं, अपमानित महसूस कर रहे हैं। विधायक पोर्ते के बयान से स्पष्ट है कि प्रदेश में रिमोट से सरकार संचालित है, सरकार आखिर चला कौन रहा है, इस बात से भाजपा के नेता भी अनभिज्ञ है। अपनी ही पार्टी के वरिष्ठ और अनुभवी वाले नेताओं को इरादतन अपमानित करने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। वर्तमान



दौर में भाजपा में स्वाभिमान और आत्मसम्मान वाले नेता कार्यकर्ताओं के लिए कोई स्थान नहीं है। यह पहली बार नहीं है इससे पहले साजा विधायक ईश्वर साहू, युवा मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष रवि भगत और कुरुद विधायक अजय चंद्राकर ने भी सोशल मीडिया पर अपनी व्यथा ज़ाहिर किया है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि इस सरकार के सुशासन के तमाम फर्जी दावों की पोल खुल चुकी है बृजमोहन अग्रवाल जैसे भाजपा के वरिष्ठ नेता को पिछले एक वर्ष के दौरान दर्जन भर पत्र प्रदेश सरकार को लिखना पड़ा, लेकिन किसी मामले में अब तक उनकी भी कोई सुनवाई नहीं हुई। नकटी में गरीबों के घरों में बुलडोजर चलाने पर उनकी प्रतिक्रिया, कुम्हारी टोल से अवैध वसूली बंद करने की उनकी मांग, राजधानी रायपुर में ट्रैफिक समस्या, जलभराव को लेकर उनका गुस्सा सर्वविदित है, लेकिन भाजपा के नेता ही इस सरकार की उपेक्षा से व्यथित हैं। इस सरकार के कार्यशैली से कोई वर्ग संतुष्ट नहीं है। किसान, युवा, मजदूर, कर्मचारी-अधिकारी और महिलाएं नाराज हैं ही, इसके साथ ही भाजपा के कार्यकर्ता भी खुश नहीं है।

## सूबेदार, उप निरीक्षक संवर्ग व प्लाटून कमांडर की परीक्षा 12 मई को

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सूबेदार, उप निरीक्षक संवर्ग एवं प्लाटून कमांडर (प्रारंभिक) परीक्षा-2024 का आयोजन 12 मई 2026 को जिले के 22 परीक्षा केंद्रों में आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा सुबह 10 बजे से 12 बजे तक संचालित होगी। परीक्षा से संबंधित गोपनीय सामग्री का वितरण जिला कोषालय, कलेक्टर परिसर रायपुर से सुबह 7 बजे किया जाएगा। गोपनीय परीक्षा सामग्री के सुरक्षित परिवहन हेतु संबंधित अधिकारियों को उनके नाम के समक्ष दर्शित परीक्षा केंद्रों के लिए परिवहन अधिकारी/उड़नदस्ता अधिकारी नियुक्त किया गया है। सभी नियुक्त अधिकारी निर्धारित समय पर जिला कोषालय पहुंचकर गोपनीय सामग्री प्राप्त करेंगे तथा परीक्षा प्रारंभ होने के एक घंटे पूर्व संबंधित केंद्राध्यक्ष को अनिवार्य रूप से सौंपेंगे।

# राजस्व अमला प्रतिदिन राजस्व वसूली सुनिश्चित करे आयुक्त: संबित मिश्रा

■ सीएम हेल्प लाईन के सभी आवेदनों पर निराकरण कार्यवाही कर त्वरित प्रतिवेदन देवें



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** नगर पालिक निगम रायपुर मुख्यालय भवन महात्मा गांधी सदन के तृतीय तल सभाकक्ष में नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा ने साप्ताहिक समीक्षा बैठक टीएल लेकर विभिन्न योजनाओं एवं कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। टीएल बैठक में नगर निगम रायपुर के सभी दसों जोनो के संबंधित राजस्व विभाग अमले को 77 दिनों के अभियान के रूप में दिये गये प्रतिदिन के दैनिक निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप नगर निगम हित को सर्वोपरि रखकर राजस्व वसूली प्राथमिकता से सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। आयुक्त ने नगर निगम रायपुर के बड़े बकायेदारो पर नियमानुसार प्रक्रिया के अंतर्गत बकाया राजस्व वसूलने कुर्की सील बंदी की कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

आयुक्त ने नगर निवेश अभियंताओं को सड़क बाधित करने वालो पर सी एण्ड डी वेस्ट पर अधिनियम के अनुसार नियमानुसार व्यवस्था सुधारने जुर्माना करने की कार्यवाही करने निर्देशित किया। आयुक्त ने टीएल बैठक में जोन कमिश्नरों को जल भराव क्षेत्रों को चिन्हित कर वहां आवश्यक समुचित कार्यवाही तत्काल जोन से सुनिश्चित करने निर्देशित किया ताकि भविष्य में उन क्षेत्रों में दोबारा बारिश में जलभराव की समस्या उत्पन्न ना होने पाये।

# इंटरकनेक्शन कार्य, आर.के. नगर पानी टंकी से आज शाम नहीं होगी पेयजल सप्लाई

**राजनांदगांव ( विश्व परिवार )।** नगर निगम द्वारा अनुपम नगर कमला कालेज के पास इंटरकनेक्शन कार्य कराये जाने के कारण आर.के.नगर पानी टंकी (क्षमता 16.00 लाख लीटर) नहीं भर पायेगा। इस वजह से उक्त टंकी से कल दिनांक 10 जुलाई 2026 दिन शुक्रवार को शाम के समय पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी। 11 जुलाई शनिवार सुबह से पानी सप्लाई यथावत रहेगी।

पानी टंकी सफाई के संबंध में नगर निगम आयुक्त श्री जी.आर. मरकाम ने बताया कि सुचारू पेयजल सप्लाई के लिए अनुपम नगर कमला कालेज रोड के पास इंटरकनेक्शन कार्य कराया जाना है, जिस वजह से कल दिनांक 10 जुलाई शुक्रवार को आर.के.नगर पानी टंकी (क्षमता 16.00 लाख लीटर) नही भर पायेगी। अत: आर.के.नगर टंकी सप्लाई क्षेत्र आर.के. नगर, अनुपम नगर, सहदेव नगर, कौरिनभाठा, सर्किट हाउस, सृष्टि कालोनी, कुंज विहार कालोनी, गायत्रीकालोनी, जलतरंग कालोनी, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, बर्फानी आश्रम, महेश नगर, आर्शीवाद कालोनी, हरिओम नगर, रिद्धी सिद्धी कालोनी, गोकुल नगर, लक्ष्मीनगर, जीवन ए-कालोनी, गांधी नगर, चंद्रा कालोनी एवं आशा नगर क्षेत्र में कल 10 जुलाई शुक्रवार की शाम को पेयजल सप्लाई बाधित रहेगी, 11 जुलाई शनिवार को सुबह समय में पेयजल सप्लाई यथावत होगी।

# एसबीआई ने छत्तीसगढ़ की स्वास्थ्य व्यवस्था में दिया विशेष योगदान




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत प्रदेश की स्वास्थ्य सुविधाओं को और सुदृढ़ करने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए बैंक के प्रबंध निदेशक (कॉर्पोरेट बैंकिंग एवं सब्सिडियरी) अश्विनी कुमार तिवारी के द्वारा श्री सत्य साई हेल्थ एंड एजुकेशन ट्रस्ट, नया रायपुर को रु. 60,30,000 का अंशदान भेंट किया गया। इस अवसर पर बैंक के महा प्रबंधक (छत्तीसगढ़) मनोज कुमार, उप महाप्रबंधक (व्यवसाय एवं परिचालन) दीपक कुमार अभिषेक और क्षेत्रीय प्रबंधक, क्षेत्र-1 आदर्श श्रीवास्तव विशेष रूप से उपस्थित रहे। श्री सत्य साई हेल्थ एंड एजुकेशन ट्रस्ट से ट्रस्ट ऑफिसर एम जगदीश राव एवं को-ऑर्डिनेटर डॉ. निखिल शुक्ला विशेष रूप से उपस्थित रहे। अपने संबोधन में डॉ. निखिल शुक्ला ने श्री सत्य साई संजीवनी सेंटर की गतिविधियों की जानकारी प्रस्तुत करते हुए छत्तीसगढ़ के साथ ही देश की आधारभूत स्वास्थ्य संरचना को मजबूत बनाने में एसबीआई के योगदान की सराहना की और बैंक के प्रति आभार जताया।

# पहले सरकारी बाल अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण केंद्र की स्थापना के लिए ऐतिहासिक समझौता

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** एम्स रायपुर ने बाल आयुष फाउंडेशन (Bal Ayush Foundation - BAF) के साथ एक ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के तहत छत्तीसगढ़ में पहला सरकारी अत्याधुनिक बाल अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण (Pediatric Bone Marrow Transplant - BMT) केंद्र स्थापित किया जाएगा।



बोन मैरो ट्रांसप्लांट थैलेसीमिया, सिकल सेल रोग तथा बच्चों में होने वाले कुछ गंभीर रक्त संबंधी रोगों और कैंसर के लिए सबसे प्रभावी एवं कई मामलों में एकमात्र स्थायी उपचार माना जाता है।

अब तक छत्तीसगढ़ के मरीजों को इस उपचार के लिए मुंबई, दिल्ली और अन्य बड़े शहरों का रुख करना पड़ता था, क्योंकि राज्य के किसी भी सरकारी अस्पताल में यह सुविधा उपलब्ध नहीं थी।

समझौता ज्ञापन पर एम्स रायपुर के कार्यपालक निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल (सेवानिवृत्त), बाल आयुष फाउंडेशन के संस्थापक एवं निदेशक श्री ललित परमार, एम्स रायपुर के चिकित्सा अधीक्षक प्रो. (डॉ.) डी. के. त्रिपाठी तथा थैलेसीमिक्स इंडिया के संस्थापक अध्यक्ष दीपक चोपड़ा ने हस्ताक्षर किए।

इस अवसर पर लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल (सेवानिवृत्त) ने इस समझौते को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इससे छत्तीसगढ़ के आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को बाल कैंसर एवं गंभीर रक्त रोगों के लिए जीवनरक्षक और स्थायी उपचार नि:शुल्क उपलब्ध कराने का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने कहा कि यह पहल एम्स रायपुर की उस प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है, जिसके तहत संस्थान ऐसे उच्चस्तरीय उपचार उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य कर रहा है जो वर्तमान में राज्य के किसी अन्य सरकारी संस्थान में उपलब्ध नहीं हैं।

# देर से बरसात होने पर किसान न हो चिन्तित: प्रो. डॉ. डी.के. चन्द्राकर

■ समय पर खरपतवार नियंत्रण से बढ़ेगी धान की पैदावार

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** खरीफसीजन में मानसून के देर से सक्रिय होने के कारण अनेक किसान समय पर धान की बुवाई या रोपाई नहीं कर सके हैं। ऐसी स्थिति में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. डी.के. चन्द्राकर ने किसानों को चिंता न करने की सलाह देते हुए फसल प्रबंधन, खरपतवार नियंत्रण, नर्सरी, रोपाई एवं लेही पद्धति से बुवाई को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं, ताकि समय पर बेहतर उत्पादन प्राप्त किया जा सके।



डॉ. चन्द्राकर के अनुसार, जिन किसानों ने वर्षा के बाद धान की बुवाई या रोपाई कर ली है, उन्हें फसल की 20 से 25 दिन की अवस्था में खरपतवार नियंत्रण को प्राथमिकता देनी चाहिए। उनका कहना है कि यदि खेत में खरपतवारों का प्रकोप बढ़ जाता है तो धान की उपज में 25 से 50 प्रतिशत तक की कमी आ सकती है। ऐसे क्षेत्रों में जहां श्रमिक उपलब्ध नहीं हैं, वहां निंदानाशकों का उपयोग कर खरपतवार नियंत्रण किया जा सकता है, जबकि श्रमिक उपलब्ध होने पर 25 और 40 दिन की अवस्था में निंदाई करना अधिक प्रभावी रहता है।

उन्होंने बताया कि जिन किसानों की धान की नर्सरी 22 से 25 दिन की हो चुकी है, वे पानी की उपलब्धता के अनुसार खेतों की मचाई कर समय पर रोपाई करें। वहीं, लगातार वर्षा के कारण जो किसान नर्सरी तैयार नहीं कर सके हैं, वे लेही (वेट सीडिंग) पद्धति से अंकुरित बीजों का मचे हुए खेतों में छिड़काव कर सकते हैं। इसके बाद 20 से 25 दिन की अवस्था में निंदाई या खरपतवार नियंत्रण करते हुए फसल की नियमित देखभाल करना आवश्यक है।

# डुमरतराई के नामकरण व लोकार्पण समारोह में चेम्बर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज प्रदेश अध्यक्ष हुए शामिल

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मुख्य आतिथ्य तथा वित्त मंत्री ओ.पी. चैधरी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव, राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा, विधायक पुरंदर मिश्रा एवं मोतीलाल साहू सहित विभिन्न आयोग, मंडलों, बोर्डों एवं निगमों के अध्यक्षों तथा जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित इस समारोह ने प्रदेश के व्यापारिक विकास को नई दिशा प्रदान की।



इस अवसर पर छत्तीसगढ़ चेम्बर के पदाधिकारियों ने नवनिर्मित आधुनिक थोक बाजार को प्रदेश के व्यापारियों के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह परियोजना व्यापारियों को बेहतर अधोसंरचना एवं व्यावसायिक सुविधाएँ उपलब्ध कराएगी। इससे व्यापार को नई गति मिलेगी, रोजगार के अवसरों का विस्तार होगा तथा प्रदेश की अर्थव्यवस्था को और अधिक मजबूती मिलेगी।

इस अवसर पर चेम्बर सलाहकार- अमर गिदवानी, मोहनलाल तेजवानी, कार्यकारी अध्यक्ष- राधाकिशन सुन्दरानी, जसप्रीत सिंह सलूजा, उपाध्यक्ष- टी. श्रीनिवास रेड्डी, तनेश आहूजा, हरीश तोलानी, दिलीप इसरानी, राजेश पोपटानी, जवाहर थारानी, विनय कुमार साहू, मंत्री -अमर बरलोटा, प्रशांत गुप्ता, गुलाबचंद्र साहू, धनेश मटलानी, जतिन नचरानी एवं सदस्य-प्रेम सहित बड़ी संख्या में चेम्बर पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# जप्त प्रतिबंधित मादक पदार्थों का सिलतरा स्थित जायसवाल NECO प्लांट में किया नष्टीकरण

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** पुलिस कमिश्नरेट के नॉर्थ जोन के विभिन्न थानों में एन.डी.पी.एस. एक्ट के अंतर्गत पंजीबद्ध प्रकरणों में जप्त मादक पदार्थों का अधिनियम में निहित प्रावधानों, न्यायालय के आदेशों एवं शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप विधिसम्मत नष्टीकरण किया गया।



उपरोक्त नष्टीकरण की कार्यवाही में केन्द्र सरकार, गृह मंत्रालय, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के दिशा-निर्देशों एवं एन.डी.पी.एस. एक्ट में निहित प्रावधानों के अनुरूप गठित जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी द्वारा पुलिस उपायुक्त (उत्तर जोन) श्री मयंक गुर्जर, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (उत्तर जोन) श्री आकाश मरकाम, सहायक पुलिस आयुक्त (उरला) सुश्री पूर्णिमा लामा, उपायुक्त, आबकारी रायपुर डॉ. प्रवीण वर्मा तथा थाना प्रभारियों की उपस्थिति में जायसवाल NECO प्लांट, सिलतरा में नष्टीकरण की कार्यवाही संपादित की गई। उक्त नष्टीकरण की कार्यवाही में नॉर्थ जोन क्षेत्रांतर्गत कुल 43 एन.डी.पी.एस. प्रकरणों में जप्त 160.722 किलोग्राम गांजा, 100 ग्राम डोडा चूरा, 236 ग्राम अफीम, 2,734 नग प्रतिबंधित टेबलेट तथा 503 नग प्रतिबंधित कफ सिरप को जनसामान्य की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पर्यावरणीय मानकों एवं प्रचलित वैधानिक प्रावधानों का पालन करते हुए जायसवाल NECO प्लांट, सिलतरा के फर्नेस में विधिवत् नष्ट किया गया।

# महापौर मीनल चौबे अर्जुन नगर, दुर्गा नगर, गंगा नगर के जलभराव क्षेत्रों में पहुंची

■ अवैध पाटो को तोड़कर बाजार में सफाई करवाने के दिये सख्त निर्देश

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने आज नगर निगम जोन 7 के स्वामी आत्मानंद वार्ड अंतर्गत समता कालोनी मार्ग से श्याम खाटु मंदिर मार्ग होकर अर्जुन नगर बस्ती पहुंचकर जलभराव क्षेत्र का प्रत्यक्ष निरीक्षण स्वामी आत्मानंद वार्ड पार्षद श्री आनंद अग्रवाल, जोन 7 कार्यपालन अभियंता श्री सुशील मोडेस्टस एवं संबंधित जोन 7 कर्मचारियों की उपस्थिति में किया।



महापौर ने निरीक्षण के दौरान अर्जुन नगर में नाले की सफाई करवाकर रेत की बोरी बिछाकर छोटे छोटे चेम्बर बनाकर गंदे पानी का निकास करवाने के निर्देश दिये। आवश्यक होने पर नाले को डायवर्ट कर गंदे पानी का निकास सुनिश्चित करने निर्देशित किया ताकि भविष्य में दोबारा जल भराव वहां ना होने पाये।

महापौर मीनल चौबे ने नगर निगम जोन 2 अंतर्गत शहीद हेमूकालाणी वार्ड क्षेत्र में पंडरी में गंगा नगर एवं दुर्गा नगर बस्ती में पहुंचकर जलभराव क्षेत्र का प्रत्यक्ष निरीक्षण वार्ड पार्षद श्रीमती कृतिका जैन, सामाजिक कार्यकर्त्ता श्री तुषार चोपड़ा, नगर निगम जोन 2 जोन कमिश्नर श्री संतोष पाण्डेय, जोन 2 जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री रवि लावनिया एवं जोन 2 के अन्य संबंधित कर्मचारियों की उपस्थिति में किया।

महापौर ने निरीक्षण के दौरान गंगा नगर एवं दुर्गा नगर में नाले की सफाई अभियान पूर्वक करवाते हुए स्वच्छता कायम करने के निर्देश दिये। ताकि दोबारा जल भराव बारिश में बस्ती में ना होने पाये।

## जंगली हाथी का हमला : पुटु लेने गए ग्रामीण की कुचलकर मौत

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में जंगली हाथी के हमले में एक ग्रामीण की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। सूचना मिलते ही वन विभाग और प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची तथा मामले की जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार, यह घटना धर्मजयगढ़ वन मंडल के पीडिया-तुर्रीकटरा मार्ग के बीच हुई। मृतक की पहचान जहाज़ सिंह राठिया (55 वर्ष) के रूप में हुई है, जो पीडिया गांव का निवासी था। गुरुवार को वह जंगल में पुटु (मशरूम) लेने गया था। इसी दौरान जंगल में उसका सामना जंगली हाथी से हो गया। हाथी ने जहाज़ सिंह पर हमला कर उसे कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों में भय का माहौल बन गया।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने डूमरतराई के नवीन थोक बाजार का किया लोकार्पण

■ 'सरदार वल्लभभाई पटेल थोक बाजार' के रूप में किया नामकरण



**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल द्वारा डूमरतराई, रायपुर में विकसित अत्याधुनिक नवीन थोक बाजार का लोकार्पण आज छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने भव्य समारोह में किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने इस आधुनिक व्यापारिक परिसर का नामकरण 'सरदार वल्लभभाई पटेल थोक बाजार' करते हुए इसे प्रदेशवासियों एवं व्यापारियों को समर्पित किया।

राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर स्थित लगभग 36 एकड़ क्षेत्र में विकसित यह आधुनिक थोक बाजार सुव्यवस्थित व्यापारिक गतिविधियों, चौड़ी सड़कों, पर्याप्त पार्किंग, बेहतर यातायात प्रबंधन तथा आवश्यक नागरिक सुविधाओं से सुसज्जित है। यह बाजार रायपुर सहित पूरे छत्तीसगढ़ के व्यापारिक विकास को नई दिशा देने के साथ प्रदेश की आर्थिक गतिविधियों को गति प्रदान करेगा।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि, 'डूमरतराई में निर्मित इस आधुनिक थोक बाजार का नाम 'सरदार वल्लभभाई पटेल थोक बाजार' रखना हमारे लिए गौरव का विषय है। सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश की एकता और अखंडता को सशक्त आधार प्रदान किया। उनके नाम पर स्थापित यह बाजार प्रदेश के व्यापार, विकास और समृद्धि का नया प्रतीक बनेगा।

हमने यह भी निर्णय लिया है कि गुजरात में स्थापित विश्वविख्यात 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' से प्रेरणा लेते हुए इस थोक बाजार परिसर में 15 फीट ऊंची लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की भव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी। यह प्रतिमा व्यापारियों, नागरिकों एवं प्रदेशवासियों के लिए राष्ट्रीय एकता, सुशासन और विकास का प्रेरणास्रोत बनेगी। राज्य सरकार विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को साकार करने के लिए आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण अधोसंरचना का विस्तार कर रही है। यह थोक बाजार व्यापारियों को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराने के साथ-साथ प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई गति देगा, रोजगार के नए अवसर सृजित करेगा तथा रायपुर को एक सुव्यवस्थित व्यापारिक केंद्र के रूप में और अधिक सशक्त बनाएगा।'

आवास एवं पर्यावरण मंत्री श्री ओपी चौधरी ने कहा कि, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रदेश में आधुनिक शहरी अधोसंरचना के विकास का सशक्त माध्यम बनकर उभरा है। डूमरतराई का यह नवीन थोक बाजार व्यापारियों की वर्षों पुरानी आवश्यकता को पूरा करेगा तथा उन्हें सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं आधुनिक व्यापारिक वातावरण उपलब्ध कराएगा।

## AM/NS इंडिया की सीएसआर पहल से बस्तर और मलकानगिरी में बदल रही ग्रामीण व्यवस्था

■ स्वास्थ्य शिविर से 135 लोग हुए लाभान्वित, 5 गांवों के ग्रामीणों को मिली टेंट व बर्तन सामग्री




**दंतेवाड़ा/किरंदुल (विश्व परिवार)।** आर्सेलर मित्तल निप्पन स्टील इंडिया (AM/NS India) ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी के तहत दंतेवाड़ा व मलकानगिरी क्षेत्र के दूरस्थ अंचलों में जनकल्याणकारी कार्यों का बड़ा विस्तार किया है। कंपनी ने ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के साथ-साथ सामाजिक और सामुदायिक बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने के लिए महत्वपूर्ण स्तरों पर बड़े कदम उठाए हैं।इस वृहद अभियान के पहले चरण में कंपनी ने लेखमपारा-पालनार ग्राम पंचायत में एक दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया, जिसमें स्वास्थ्य लाभ लेने के लिए कुल 135 ग्रामीणों की संख्या दर्ज की गई। इस शिविर के दौरान अनुभवी डॉक्टरों की टीम द्वारा 115 मरीजों की गहन चिकित्सकीय जांच कर उन्हें नि:शुल्क दवाइयां वितरित की गईं, जबकि मौसमी व अन्य बीमारियों के सटीक निदान के लिए कुल 90 ग्रामीणों के ब्लड प्रेशर, शुगर और मलेरिया के जरूरी पैथोलॉजिकल टेस्ट किए गए। इस स्वास्थ्य शिविर को सुचारू रूप से संपन्न कराने में स्थानीय ग्राम पंचायत के सरपंच, कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर और मितानिनों ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

इसी कड़ी में आगे बढ़ते हुए, कम्पनी ने पाइपलाइन मार्ग से जुड़े सुकमा जिले की पुसपल्ली ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाले दो गांवों ,दारभा और मंगीपाल के नागरिकों की मांग को पूरा किया। कंपनी ने इन गांवों के विकास के लिए सामुदायिक रसोई के बर्तन और टेंट सामग्री उपलब्ध कराई है, जिससे दोनों गांवों के लगभग 950 ग्रामीणों को सीधा लाभ मिलेगा।

## दलदल सिवनी में छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक के नए भवन का हुआ लोकार्पण



**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक, शाखा दलदल सिवनी के नवीन भवन परिसर का दिनांक 07.07.2026 को लोकार्पण किया गया। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के प्रबंध निदेशक अश्विनी कुमार तेवारी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस भवन का लोकार्पण किया, जिससे ग्राहकों को बेहतर और आधुनिक बैंकिंग सुविधाएं मिल सकेंगी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष विनोद कुमार अरोरा, क्षेत्रीय प्रबंधक रायपुर हरविंद्र सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक परिचालन रविन्द्र नाथ जोगी,शाखा प्रबंधक दलदल सिवनी सरिता रेड्डी,सहायक प्रबंधक सोनी केशवानी और कार्यालय सहायक पारुल पटेरिया और रीना कुमारी उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में बैंक के ग्राहक भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

क्षेत्रीय प्रबंधक ने बैंक की उन्नत डिजिटल बैंकिंग सेवाओं जैसे मोबाइल बैंकिंग और इंटरनेट बैंकिंग के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने उपस्थित ग्राहकों को बैंक द्वारा प्रदान किए जाने वाले विभिन्न ऋण उत्पादों, जिनमें कार ऋण, गृह ऋण और गोल्ड ऋण शामिल हैं, के लाभों से भी अवगत कराया। इस दौरान, ग्राहकों ने बैंक के सभी उत्पादों और सेवाओं की गुणवत्ता की प्रशंसा की।

## आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा रायपुर प्रेस क्लब

■ एक करोड़ की लागत से होगा कायाकल्प

■ जनसंपर्क आयुक्त रजत बंसल एवं निगम आयुक्त संबित मिश्रा ने किया निरीक्षण



**रायपुर (विश्व परिवार)।** राजधानी रायपुर के अनुरूप रायपुर प्रेस क्लब को आधुनिक सुविधाओं से युक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल शुरू हो गई है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा स्वीकृत एक करोड़ रुपये की राशि से प्रेस क्लब भवन के जीर्णोद्धार एवं आधुनिकीकरण का कार्य जल्द प्रारंभ होगा। इसी क्रम में गुरुवार को जनसंपर्क आयुक्त रजत बंसल एवं रायपुर नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा ने रायपुर प्रेस क्लब भवन का निरीक्षण कर प्रस्तावित निर्माण कार्यों का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान प्रेस क्लब भवन की वर्तमान आवश्यकताओं का विस्तृत आकलन किया गया तथा आधुनिक सुविधाओं के अनुरूप निर्माण, इंटीरियर, साज-सज्जा एवं अन्य आधारभूत व्यवस्थाओं की रूपरेखा तैयार की गई। जनसंपर्क आयुक्त रजत बंसल ने वरिष्ठ पत्रकारों एवं प्रेस क्लब पदाधिकारियों से चर्चा कर उनके सुझाव भी लिए, ताकि प्रेस क्लब को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप विकसित किया जा सके।

प्रस्तावित योजना के अनुसार प्रेस क्लब में प्रेस कॉन्फ्रेंस के लिए दो अत्याधुनिक सभागार, गेमिंग ज़ोन, ड्रॉइंग/लाउंज हॉल, सुविधायुक्त शौचालय, आधुनिक इंटीरियर, बेहतर बैठक व्यवस्था , जीम हाल, लाइव डिस्कशन स्टूडियो तथा आकर्षक आउटर लैंडस्केपिंग विकसित की जाएगी। प्रेस क्लब में शुरू हो रहे हैं इस नवनिर्माण कार्य का उद्देश्य है कि राजधानी के पत्रकारों को एक आधुनिक, सुविधासंपन्न एवं गरिमामय कार्यस्थल उपलब्ध कराया जा सके।

इस दौरान जनसंपर्क विभाग एवं रायपुर प्रेस क्लब के साथ समन्वय स्थापित करते हुए नगर निगम को आवश्यक कार्रवाई शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए। नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा ने भी निर्माण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर जल्द शुरू कराने का आश्वासन दिया।

रायपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष मोहन तिवारी ने प्रेस क्लब की वर्तमान आवश्यकताओं एवं प्रस्तावित जीर्णोद्धार की विस्तृत जानकारी जनसंपर्क आयुक्त एवं निगम आयुक्त को दी। उन्होंने कहा कि रायपुर प्रेस क्लब को राजधानी की गरिमा के अनुरूप आधुनिक स्वरूप प्रदान करना प्रेस क्लब की प्राथमिकता है और इसके लिए राज्य शासन द्वारा मिली स्वीकृति पत्रकार समुदाय के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

## भाजपा प्रदेश प्रवक्ता का महादेव सट्टेबाजी और भ्रष्टाचार को लेकर कांग्रेस पर तीखा हमला



**रायपुर (विश्व परिवार)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने महादेव सट्टा ऐप मामले और छत्तीसगढ़ में हो रहे कथित अतिक्रमण को लेकर कांग्रेस पार्टी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। श्री ठाकुर गुरुवार को यहाँ एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में प्रेस ब्रीफके दौरान पत्रकारों से मुखातिब थे।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री ठाकुर ने कहा कि महादेव सट्टेबाजी मामले के मुख्य आरोपी सौरभ चंद्राकर की ओमान में गिरफ्तारी हो चुकी है। दूसरी ओर, कांग्रेस के ही कोषाध्यक्ष, जो भ्रष्टाचार के मामलों में फरार चल रहे थे, को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। श्री ठाकुर ने आरोप लगाया कि यह स्पष्ट है कि महादेव सट्टा कांग्रेस के संरक्षण में ही फला-फूला है। सट्टे का संचालक सौरभ चंद्राकर दुर्ग जिले से संबंध रखता है और कांग्रेस सरकार के समय लगभग आधे मंत्री इसी जिले से थे और संरक्षण व रायल्टी को लेकर तत्कालीन मुख्यमंत्री व गृह मंत्री के बीच सियासी टकराव से पूरा प्रदेश वाकिफ है। इन आरोपियों को छत्तीसगढ़ लाए जाने के बाद आने वाले समय में इस मामले में और भी कई बड़े नामों का खुलासा होगा। श्री ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस हमेशा से सटोरियों और भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देती आई है। इसमें कांग्रेस के कोषाध्यक्ष का लिंक भी कहीं-न-कहीं जुड़ा हुआ था। कांग्रेस के लोग ही यह कहते रहे हैं कि किस प्रकार रामगोपाल अग्रवाल एकाधिकार सिण्डिकेट बनाकर पूर्व मुख्यमंत्री के सिण्डिकेट का कोषाध्यक्ष बनकर रह गए थे।

### कांग्रेस हमेशा अतिक्रमणकारियों को संरक्षण देती है

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री ठाकुर ने प्रदेश में बढ़ रहे अतिक्रमण का मुद्दा भी इस दौरान प्रमुखता से उठाया और कहा कि क्या छत्तीसगढ़ में किसी भी प्रकार का अतिक्रमण सही माना जाना चाहिए? एक आम आदमी या कर्मचारी अपनी पूरी जिंदगी में सिर्फ 1200 से 1500 वर्ग फीट में घर बनाने की सोच पाता है, जबकि कुछ लोग 12 हजार-15 हजार वर्गफीट जमीन पर अवैध कब्जा कर लेते हैं।

## इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में B-Tech - पाठ्यक्रमों हेतु ऑनलाइन काउंसिलिंग प्रारंभ



**रायपुर (विश्व परिवार)।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु B-Tech - (कृषि अभियांत्रिकी) एवं B-Tech - (खाद्य प्रौद्योगिकी) पाठ्यक्रमों में प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए ऑनलाइन काउंसिलिंग प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। प्रवेश प्रक्रिया पी.ई.टी.-2026, JEE & Mains - 2026 तथा 12वीं (गणित समूह) की प्रावीण्य सूची के आधार पर विश्वविद्यालय के प्रवेश नियम-2026 के अनुसार संपन्न की जाएगी। ऑनलाइन काउंसिलिंग में भाग लेने के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन पंजीयन दिनांक 10 जुलाई 2026 से 20 जुलाई 2026 (रात्रि 11:00 बजे तक) उपलब्ध रहेगा। अभ्यर्थियों को निर्धारित अवधि में ऑनलाइन पंजीयन कर आवश्यक दस्तावेज अपलोड करना अनिवार्य होगा। ऑनलाइन पंजीकृत अभ्यर्थियों की प्रावीण्य सूची 23 जुलाई 2026 को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी। इसके उपरांत निर्धारित कार्यक्रमानुसार 24 जुलाई 2026 से 30 जुलाई 2026 तक विभिन्न चरणों में PET - 2026, JEE & Mains - 2026 तथा 12वीं (गणित समूह) के आधार पर सीट आवंटन, दस्तावेज सत्यापन एवं प्रवेश की कार्यवाही संपन्न की जाएगी। प्रवेश विज्ञापन, ऑनलाइन काउंसिलिंग समय-सारणी, ऑनलाइन पंजीयन दिशा-निर्देश, ऑनलाइन काउंसिलिंग दिशा-निर्देश, सीटों का विवरण एवं अन्य आवश्यक जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.igkv.ac.in पर उपलब्ध है। अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि आवेदन करने से पूर्व सभी दिशा-निर्देशों का सावधानीपूर्वक अध्ययन करें तथा नवीनतम जानकारी के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट का नियमित अवलोकन करते रहें।

## शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन 12 से 15 तक

**रायपुर।** स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन 12 जुलाई से 15 जुलाई 2026 तक रायपुर में किया जाएगा। प्रतियोगिता के तहत फुटबॉल स्पर्धा बालक 15 एवं 17 वर्ष तथा बालिका 17 वर्ष आयु वर्ग के लिए स्वामी विवेकानंद एथलेटिक्स स्टेडियम, कोटा, रायपुर में एवं बॉक्सिंग प्रतियोगिता बालक 14, 17 एवं 19 वर्ष तथा बालिका 17 एवं 19 वर्ष आयु वर्ग के लिए नेताजी सुभाष स्टेडियम (बॉक्सिंग रिंग), नलघर चौक, रायपुर में आयोजित होगी।

## 15 व 16 जुलाई को आईटीआई माना में होगी तारमिस्त्री परीक्षा

**रायपुर।** तारमिस्त्री परीक्षा जुलाई 2026 का आयोजन 15 एवं 16 जुलाई 2026 को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई), माना, रायपुर में किया जाएगा। परीक्षा सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगी। पात्र अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र तथा अपात्र अभ्यर्थियों के अस्वीकृति सूचना पत्र डाक के माध्यम से भेज दिए गए हैं।

## गृहमंत्री के गृह क्षेत्र में ही विकास की पोल खुल गई : वंदना राजपूत



**रायपुर (विश्व परिवार)।** भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार की इंतिहा हो गई, गृह मंत्री के गृह ग्राम में ही पहली बारिश में बह गए करोड़ों के सड़क कवर्धा जिले में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत दलदली से मेन रोड खरिया से अगरी (बी) तक बनी सड़क के पहली ही बारिश में उखड़ने पर भाजपा सरकार और संबंधित विभाग पर गंभीर सवाल उठाते हुए प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता वन्दना राजपूत ने कहा कि सबसे बड़ा सवाल यह है कि जिस सड़क का निर्माण करोड़ों रुपये की लागत से किया गया, वह पहली ही बारिश की परीक्षा में क्यों फेल हो गई? इससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता, निगरानी व्यवस्था और सरकारी दावों की पोल खुल गई है।

प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता वन्दना राजपूत ने कहा कि इससे भी अधिक गंभीर बात यह है कि यह सड़क प्रदेश के गृहमंत्री एवं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का दायित्व संभालने वाले मंत्री विजय शर्मा के गृह निर्वाचन क्षेत्र की है। यदि मंत्री के अपने क्षेत्र की सड़क का यह हाल है, तो प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों में बनी सड़कों की गुणवत्ता का सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है।

### प्रदेश की जनता जानना चाहती है

- करोड़ों रुपये की लागत से बनी सड़क पहली ही बारिश में क्यों उखड़ गई?
- निर्माण एजेंसी कौन है और उसे किस आधार पर काम दिया गया?
- सड़क निर्माण में गुणवत्ता की जांच किस अधिकारी ने की थी?
- इस सड़क के निर्माण में हुई लापरवाही और संभावित अनियमितताओं की जिम्मेदारी कौन लेगा?
- क्या दोषी ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई होगी या उन्हें राजनीतिक संरक्षण मिलता रहेगा?

## गुमशुदा बालकों के संबंध में सूचना



**रायपुर।** बालक आयुष चौहान एवं पीयूष चौहान निवासी राजेंद्र नगर, थाना उरला क्षेत्र, रायपुर दिनांक 08 जुलाई 2026 को दोपहर लगभग 11:00 बजे अपने घर से बिना बताए रेंजर साइकिल से कहीं चले गए हैं। इस संबंध में थाना उरला में अपराध क्रमांक 311/26, धारा 137(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर दोनों बालकों की तलाश की जा रही है। आपसे अनुरोध है कि आपके थाना क्षेत्र में उक्त बालक कहीं भी दिखाई दें अथवा उनके संबंध में कोई जानकारी प्राप्त हो तो तत्काल थाना उरला को सूचित करने का कष्ट करें। **संपर्क 9479191032, थाना प्रभारी उरला।**

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने विकसित किया अभिनव 'रेन वाटर इन्ग्रेस टेस्ट बेंच'

■ अब बिना बारिश के भी होगी रेल कोचों में पानी रिसाव की जांच

■ स्वदेशी नवाचार से यात्रियों को मिलेगा अधिक सुरक्षित एवं आरामदायक सफर



**बिलासपुर (विश्व परिवार)।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर कोचिंग डिपो ने नवाचार, संरक्षा एवं यात्री सुविधा की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए रेल कोचों में वर्षा जल के रिसाव (रैन वाटर इंग्रेस) की जांच के लिए स्वदेशी 'रेन वाटर इन्ग्रेस टेस्ट बेंच' विकसित किया है। इस अभिनव प्रणाली के माध्यम से कृत्रिम वर्षा (आर्टिफिसियल रैन सिमुलेशन) का वातावरण तैयार कर कोचों की छत, खिड़कियों, साइड पैनलों तथा अन्य संवेदनशील जोड़ों से होने वाले संभावित जल रिसाव की प्रभावी जांच एवं समय रहते उसका निराकरण किया जा सकेगा।

अब तक वर्षा जल के रिसाव की पहचान मुख्यत: प्राकृतिक बारिश पर निर्भर रहती थी, जिसके कारण वर्षभर इसकी जांच संभव नहीं हो पाती थी। इस चुनौती को ध्यान में रखते हुए बिलासपुर कोचिंग डिपो के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उपलब्ध संसाधनों का सर्वोत्तम उपयोग करते हुए अधिकांशत: स्क्रैप सामग्री से इस टेस्ट बेंच का डिजाइन एवं निर्माण किया। केवल कुछ आवश्यक पुर्जों की ही बाजार से खरीद की गई, जिससे यह प्रणाली अत्यंत किफायती एवं संसाधन-सक्षम सिद्ध हुई है।

यह अभिनव टेस्ट बेंच वर्षभर कृत्रिम वर्षा परीक्षण की सुविधा प्रदान करता है, जिससे कोचों में छिपे हुए जल रिसाव की समय रहते पहचान कर उसे सेवा में शामिल करने से पहले ही दूर किया जा सकता है। इससे मानसून के दौरान यात्रियों को जल रिसाव जैसी असुविधाओं से राहत मिलेगी, कोचों की विश्वसनीयता एवं गुणवत्ता में वृद्धि होगी तथा बार-बार होने वाले रखरखाव की आवश्यकता भी कम होगी। इसकी पोर्टेबल डिजाइन के कारण इसका उपयोग पारंपरिक कोचों के साथ-साथ आधुनिक वंदे भारत जैसी अत्याधुनिक ट्रेनों के कोचों में भी किया जा सकता है।

यह स्वदेशी नवाचार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के कर्मचारियों की तकनीकी दक्षता, रचनात्मक सोच एवं संसाधनों के प्रभावी उपयोग का उत्कृष्ट उदाहरण है। यह पहल न केवल कोच अनुरक्षण की गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी, बल्कि यात्रियों को अधिक सुरक्षित, आरामदायक एवं बेहतर यात्रा अनुभव प्रदान करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। विशेष रूप से मानसून के दौरान वर्षा जल रिसाव से संबंधित शिकायतों में उल्लेखनीय कमी आने की उम्मीद है।










प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354